पाक्षिक

# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़

सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर

वर्ष - 22 ◆ अंक - 14 ◆ रायपुर 20 जनवरी 2026 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### मोरध्वज आरंग महोत्सव 2026 का भव्य समापन

## राज्य सरकार मोदी की गारंटी के अनुरूप जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य कर रही है-सीएम



**रायपुर।** राजा मोरध्वज की त्याग, धर्म और सत्यनिष्ठा की गौरवगाथा को समर्पित मोरध्वज आरंग महोत्सव-2026 का समापन समारोह ऐतिहासिक गरिमा और भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि राजा मोरध्वज का जीवन छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों का अमर प्रतीक है, जो आज भी समाज को सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आरंग की यह पुण्यभूमि त्रेता युग में प्रभु श्रीराम के चरण-स्पर्श से तथा द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण की स्मृतियों से अनुप्राणित रही है। उन्होंने बागेश्वर बाबा में विधिवत जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और सतत विकास की कामना की। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को गति देने वाली कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं। उन्होंने समोदा उप तहसील को पूर्ण तहसील का दर्जा देने और वहाँ पूर्णकालिक तहसीलदार की पदस्थापना की घोषणा की। इसके साथ ही मोरध्वज महोत्सव के लिए दिए जाने वाले शासकीय अनुदान को 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख करने की घोषणा की।

**मुख्यमंत्री ने विकास से जुड़ी अहम घोषणाएँ कीं**

मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में प्रस्तावित खेल परिसर सहित अन्य अधोसंरचना विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने का आश्वासन भी दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार मोदी की गारंटी के अनुरूप जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण को सरकार की विकास नीति का प्रमुख आधार बताते हुए उन्होंने कहा कि संवेदनशील शासन, त्वरित निर्णय और जनता से सीधा संवाद ही सरकार की पहचान है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सैंड आर्टिस्ट श्री हेमचंद साहू को रेत से भगवान श्रीकृष्ण, भगवान श्रीराम एवं भगवान बागेश्वरनाथ की दिव्य आकृतियाँ उकेरने के लिए सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कलाकार की सृजनशीलता और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी उत्कृष्ट कला न केवल हमारी आस्था और सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करती है, बल्कि छत्तीसगढ़ की पहचान को भी राष्ट्रीय स्तर पर गौरव प्रदान करती है। उन्होंने कलाकार को भविष्य में भी इसी प्रकार अपनी कला के माध्यम से प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएँ दीं।




## शिक्षा में डिजिटल सुशासन की राष्ट्रीय मिसाल बना छत्तीसगढ़



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ने शिक्षा प्रशासन में प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग के माध्यम से सुशासन का एक सशक्त और अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत किया है। आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन (IBITF) ने राज्य के विद्या समीक्षा केंद्र (VSK) को शिक्षा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी-संचालित सुशासन का एक प्रमुख उदाहरण बताते हुए इसे राष्ट्रीय स्तर पर सराहनीय पहल के रूप में रेखांकित किया है। आईबीआईटीएफ के अनुसार, यह मॉडल पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिक-केंद्रित प्रशासन की दिशा में छत्तीसगढ़ की ठोस उपलब्धि को दर्शाता है।विद्या समीक्षा केंद्र छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन एवं अभिसरण विभाग के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा क्रियान्वित एक अभिनव डिजिटल पहल है। यह केंद्र शिक्षा व्यवस्था में डेटा-आधारित निर्णय प्रक्रिया को संस्थागत स्वरूप प्रदान करता है और यह स्पष्ट करता है कि छत्तीसगढ़ सरकार डिजिटल नवाचार के माध्यम से शासन सुधार को प्राथमिकता दे रही है। छत्तीसगढ़ भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक शिक्षा प्रणालियों में से एक का संचालन करता है, जिसमें 48,500 से अधिक शासकीय विद्यालय, 39 लाख से अधिक विद्यार्थी तथा लगभग 1.8 लाख शिक्षक एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी सम्मिलित हैं।

## पंचायत प्रतिनिधियों के अध्ययन भ्रमण से ग्रामीण विकास को मिलेगी नई दिशा - मुख्यमंत्री साय





**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री निवास से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत बस्तर संभाग के जिला पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों के दल को प्रशिक्षण सह अध्ययन भ्रमण के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी पंचायत प्रतिनिधियों को सकुशल एवं सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा दो बसों को हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस अध्ययन भ्रमण के माध्यम से पंचायत प्रतिनिधियों को अन्य राज्यों की बेहतर कार्यप्रणालियों (बेस्ट प्रैक्टिसेज) की जानकारी प्राप्त होगी, जिसका सीधा लाभ छत्तीसगढ़ के ग्रामीण विकास को मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह यात्रा बहुउद्देशीय है, जिसमें सांस्कृतिक आदान-प्रदान, संवाद, विचार-विमर्श, पंचायत प्रतिनिधियों के दायित्वों, नवाचारों तथा ग्रामीण विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों का आदान-प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतिनिधियों से कहा कि वे छत्तीसगढ़ और विशेष रूप से बस्तर की पहचान के रूप में राज्य के पर्यटन, संस्कृति, जनहितैषी एवं विकासमूलक योजनाओं, सुशासन (गुड गवर्नेंस) तथा पारदर्शी शासन व्यवस्था के बारे में भी अन्य राज्यों के प्रतिनिधियों से जानकारी साझा करें।

## 30 साल बाद मुंबई में ठाकरे परिवार सत्ता से बाहर



**मुंबई।** मुंबई के इतिहास में पहली बार भाजपा का मेयर हो सकता है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) चुनाव रिजल्ट में भाजपा गठबंधन को कुल 227 सीटों में से 118 सीटों पर बढ़त हासिल है। जिसमें से भाजपा 90, शिवसेना शिंदे 28 सीटों पर आगे चल रही है। आजादी के बाद 77 सालों से मुंबई नगर निगम पर कांग्रेस और शिवसेना का ही कब्जा रहा है। 1947 से 1967 तक यानी 20 साल तक कांग्रेस का मेयर रहा। वहीं 1992 से लेकर 2022 यानी 30 सालों तक मेयर की कुर्सी पर शिवसेना काबिज रही। भाजपा 45 साल के इतिहास में पहली बार मुंबई में अपना मेयर बनाने की स्थिति में पहुंची है। दरअसल 1980 में पार्टी के गठन के बाद भाजपा ने 1992 से 2017 तक मुंबई में शिवसेना को सपोर्ट दिया था। मुंबई के मेयर का पद संभालने वाली आखिरी शख्स शिवसेना की किशोरी पेडनेकर थीं, जिन्होंने 22 नवंबर 2019 से 8 मार्च 2022 तक यह पद संभाला था। हालांकि तब शिवसेना में बंटवारा नहीं हुआ था। उसके बाद से यह पद खाली था। तब से, BMC के प्रशासन की जिम्मेदारी नगर आयुक्त संभाल रहे हैं।

# दोस्त को रायपुर एम्स में नौकरी के नाम पर ठगा

## आरोपी ने बड़े अफसरों से जान-पहचान का झांसा देकर 14.50 लाख वसूले

ब्यूरो चीफ रतन कुमार

दुर्ग जिले में एक युवक ने अपने ही दोस्त को नौकरी का झांसा देकर ठग लिया। युवक ने अपनी ऊंची पहुंच और बड़े अफसरों से जान-पहचान का झांसा देकर दोस्त के साथ 14.50 लाख रुपए की ठगी की है। युवक ने रायपुर एम्स में नौकरी का झांसा दिया था। बाद में जब नौकर नहीं लगी तो पीड़ित को अपने साथ हुए धोखे का अंदाजा हुआ।

प्रार्थी मुकेश कोसरे को उसके दोस्त अभिषेक जायसवाल ने नौकरी का झांसा देकर ठग लिया। मुकेश के पिता के निधन के बाद घर की जिम्मेदारी उसके कंधों पर थी और वह घर चलाने के लिए नौकरी की तलाश कर रहा था। मुकेश ने अपनी समस्या अपने दोस्त के साथ शेयर की, लेकिन अभिषेक ने उसकी मजबूरी का फायदा उठाकर उससे लाखों रुपए ठग लिए।




### कॉलेज के दोस्त हैं दोनों

जानकारी के अनुसार, भिलाई वृंदा नगर के मुकेश कुमार कोसरे ने पुलिस को बताया कि वे अपनी माताजी के साथ रहते हैं और पिता के निधन के बाद घर की पूरी जिम्मेदारी उनके कंधों पर है। इसी दौरान मुकेश के कॉलेज के परिचित भिलाई जोन-3 खुर्सीपार निवासी अभिषेक जायसवाल उसके संपर्क में आया।

अभिषेक ने रायपुर एम्स में नौकरी दिलाने का झांसा देकर मुकेश से 14 लाख 50 हजार रुपये ठग लिए।

### बड़े अफसरों से जान पहचान का दिया हवाला

पीड़ित मुकेश ने अपने कॉलेज मित्र अभिषेक के खिलाफ थाना वैशाली नगर में शिकायत दी है। उसने त्वरित एफआईआर दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मुकेश ने बताया कि अभिषेक ने खुद को बड़े अधिकारियों और प्रभावशाली लोगों सेजान पहचान का झांसा दिया था। अभिषेक लगातार बड़े अफसरों से सेटिंग की बात कहकर मुकेश से पैसे लेता रहा।

### एम्स में स्टाफ नर्स पद के लिए ज्वाइनिंग लेटर देने का किया था वादा

आरोपी दोस्त ने रायपुर एम्स में नौकरी दिलाने का दावा किया और जल्द ही ज्वाइनिंग लेटर देने का भरोसा देकर पैसे वसूलता रहा। उसने यह राशि नगद और ऑनलाइन दोनों माध्यम से ली। प्रार्थी मुकेश ने 1 सितंबर 2021 से 16 अक्टूबर 2022 के बीच अलग-अलग तरीकों से कुल 14 लाख 50 हजार रुपये आरोपी को दिए। इसमें से 94 हजार रुपये नगद एसबीआई सुपेला शाखा से दिए गए, 8 लाख 86 हजार रुपये गूगल पे के माध्यम से ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए और 4 लाख 70 हजार रुपये और नगद दिए गए। कुल मिलाकर 9 लाख 80 हजार रुपये ऑनलाइन और बाकी नगद भुगतान हुआ।

### नौकरी नहीं लगने पर पैसा लौटाने की बात से मुकरा

मुकेश ने बताया कि इतनी बड़ी रकम देने के बावजूद न तो उन्हें रायपुर एम्स में नौकरी मिली और न ही कोई जॉइनिंग लेटर दिया गया। जबकि उसने कहा था कि अगर नौकरी नहीं मिली तो वो उसे पैसे वापस कर देगा। जब प्रार्थी ने बार-बार अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करता रहा। कुछ समय बाद आरोपी अपना मकान छोड़कर कहीं और चला गया। फोन पर संपर्क करने पर भी वह जल्द पैसा लौटाने का झूठा आश्वासन देता रहा। फिलहाल पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

धान खरीदी में अव्यवस्था...

# बालोद विधायकों ने कलेक्टर से की मुलाकात, MLA निषाद ने कहा-घर-घर स्टॉक जांच करना, किसानों का अपमान है, आंदोलन की दी चेतावनी

ब्यूरो चीफ रतन कुमार

बालोद जिले में धान खरीदी के दौरान किसानों को हो रही लगातार परेशानियों और प्रशासनिक सख्ती के विरोध में जिले के तीनों विधायक और कांग्रेस पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मुलाकात की और नाराजगी जताई। कांग्रेस नेताओं ने धान खरीदी व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग करते हुए किसानों को राहत देने की बात कही।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी, महिला बाल विकास विभाग की पूर्व मंत्री और डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया, गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद और बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और धान खरीदी से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया।



### किसानों के घर जाकर स्टॉक जांच करना निंदनीय - कुंवर सिंह निषाद

गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि जिले के किसान भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। सोसायटी केंद्रों में अव्यवस्था फैली हुई है। किसानों का धान अधिक मात्रा में होने के बावजूद टोकन वितरण में जानबूझकर देरी की जा रही है। इसके बाद किसानों के घर-घर जाकर धान का स्टॉक जांच कर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जांच के नाम पर किसानों पर कार्रवाई करना और उन्हें अपराधियों की तरह खड़ा कर फोटो लेना अन्नदाताओं का अपमान है। इससे ग्रामीण समाज में गलत संदेश जा रहा है। यदि यह कार्रवाई जल्द बंद नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा।

### यह है मुख्य मांगें और समस्याएं........

समय की कमी- धान खरीदी के लिए अब केवल 11 दिन शेष हैं, जबकि जिले के हजारों किसानों का धान अब तक नहीं खरीदा जा सका है।

लिमिट बढ़ाने की मांग- खरीदी केंद्रों की निर्धारित सीमा (लिमिट) को तत्काल बढ़ाने की आवश्यकता बताई गई, ताकि किसान तय समय में अपना धान बेच सकें।

प्रशासनिक प्रताड़ना- टोकन वितरण में देरी, अनावश्यक नियमों और प्रशासनिक सख्ती से किसानों को राहत देने की मांग की गई।

### धान परिवहन रोका जाएगा, आंदोलन करेंगे- चन्द्रेश हिरवानी

जिला कांग्रेस अध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी ने बताया कि प्रशासन को लिखित रूप से चेतावनी दी गई है। यदि शीघ्र ही किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी जिले में धान परिवहन रोकने जैसे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी।

इस दौरान पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा, प्रदेश पदाधिकारी कृष्णा दुबे, मिथलेश निरोटी, गुलशन चंद्राकर, भोला देशमुख, राजू प्रभाकर, धनेश्वरी सिन्हा, पीयूष सोनी, रतीराम कोसमा, अंचल साहू, डॉ. किशोर साहू, सादिक अली, नरेंद्र सिन्हा, कुलदीप नौम्हारे, देवेंद्र साहू, कमलेश श्रीवास्तव, मोनू ठाकुर, यशवंत पुरी गोस्वामी, संदीप साहू, वैभव साहू, जमील बॉक्स, जितेंद्र यादव, भूषण साहू, तुलेस सिन्हा, हिमांशु सागर साहू सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अमेरिका की साम्राज्यवादी सोच के विरुद्ध बन रहे नए समीकरण



अमेरिका द्वारा हाल ही में ब्रिक्स के सदस्य देशों पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की धमकी देना केवल अमेरिका की व्यापार नीति नहीं बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन को प्रभावित करने की सीधी कोशिश है। 500 प्रतिशत का यह टैरिफ रूस, चीन, ब्राजील और भारत पर नहीं बल्कि ब्रिक्स के सदस्य देशों द्वारा डीडोलराईजेशन की ओर अपने कदम बढ़ाने को रोकने का एक प्रयास है। अमेरिकी ट्रम्प प्रशासन द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति श्री निकोलस मदुरो को रात्रि के समय में गिरफ्तार कर अमेरिका लाकर उन पर मुकदमा चलाया जाना एवं वेनेजुएला के तेल भंडार पर अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका का कब्जा स्थापित करने का प्रयास करना, अमेरिका की साम्राज्यवादी सोच को ही दर्शाता है। साथ ही, इसी क्रम में डेनमार्क द्वारा शासित ग्रीनलैंड द्वीप पर भी अमेरिका अपना आधिपत्य स्थापित करना चाहता है। सोचनीय विषय है कि डेनमार्क नाटो का सदस्य देश होने के चलते वह अमेरिका का मित्र राष्ट्र है और मित्र राष्ट्र की सीमाओं में घुसकर उसके आधिपत्य वाले क्षेत्र को अमेरिका द्वारा बलपूर्वक अपने देश की सीमा में शामिल करने का प्रयास करना उचित कदम नहीं कहा जा सकता है। कुछ समय पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कनाडा के राष्ट्रपति को धमकी दी थी कि अमेरिका कनाडा को अपना 51वां राज्य बनाना चाहते हैं। ध्यान रहे कनाडा भी अमेरिका के मित्र राष्ट्र के देशों की सूची में शामिल है। परंतु, जब अमेरिका जैसा देश साम्राज्यवादी सोच के आधार पर निर्णय लेने लगते हैं, तो मित्र राष्ट्र का ध्यान भी नहीं रह पाता है। अमेरिका द्वारा हाल ही में ब्रिक्स के सदस्य देशों (भारत, रूस, चीन एवं ब्राजील) पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की धमकी देना केवल अमेरिका की व्यापार नीति नहीं बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन को प्रभावित करने की सीधी कोशिश है। 500 प्रतिशत का यह टैरिफ रूस, चीन, ब्राजील और भारत पर नहीं बल्कि ब्रिक्स के सदस्य देशों द्वारा डीडोलराईजेशन की ओर अपने कदम बढ़ाने को रोकने का एक प्रयास है। ब्रिक्स के सदस्य देश आपस में किए जाने वाले विदेश व्यापार का एक दूसरे को भुगतान अब स्थानीय मुद्रा में करते दिखाई दे रहे हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर पर दबाव बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा हैं। ब्रिक्स की मुद्रा व्यवस्था, स्थानीय मुद्रा व्यापार सम्बंध एवं डॉलर मुक्त भुगतान व्यवस्था अमेरिका के लिए एक रणनीतिक खतरे के रूप में उभर रही है। इसीलिए अमेरिका छोटे देशों की तरह ही बड़े देशों को भी अनुशासित करना चाहता है। परंतु, यहां अमेरिका यह भूल जाता है कि वेनेजुएला, डेनमार्क, क्यूबा, मेक्सिको आदि छोटे देश हैं जो अपनी जरूरतों के लिए अमेरिका पर निर्भर हैं परंतु भारत, चीन, रूस एवं ब्राजील जैसे बड़े देशों पर अमेरिका का दबाव काम नहीं कर पाएगा। ट्रम्प प्रशासन की वर्तमान विदेश नीति को 20वीं सदी की हस्तक्षेपवाद.2 की नीति कहा जाय तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। पिछले 250 वर्षों में अमेरिका ने विश्व के अन्य देशों में 400 बार हस्तक्षेप किया है। अमेरिका के लिए यह एक पैटर्न है आश्चर्य में डालने वाली घटना नहीं है। अमेरिका ने पूर्व में भी आर्थिक दबाव डालकर एवं सैन्य हस्तक्षेप के माध्यम से अन्य देशों में सत्ता परिवर्तन कराने में भी सफलता हासिल की है। और, यह पैटर्न आज भी जारी है। अमेरिका भारत एवं चीन पर केवल इस कारण से भी 500 प्रतिशत टैरिफ लगाना चाहता है क्योंकि ये देश रूस से भारी मात्रा में कच्चा तेल आयात करते हैं। आज के इस युग में अब अमेरिका निर्णय लेगा कि किस देश को कच्चा तेल किस देश से खरीदना है। यह साम्राज्यवाद अथवा अधिनायकवाद की पराकाष्ठा नहीं तो और क्या है? इसी प्रकार, ट्रम्प प्रशासन द्वारा विश्व के 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों में अमेरिका की सदस्यता को समाप्त करना भी वैश्विक व्यवस्था का पुनर्निर्माण नहीं बल्कि अमेरिका का विश्व में एक छत्र राज्य स्थापित करने की सोच का नतीजा हो सकता है। अमेरिका किसी भी अन्य ब्लाक अथवा देश के साथ मिलकर विश्व पर अपना प्रभुत्व स्थापित नहीं करना चाहता है बल्कि अमेरिका केवल अपना प्रभुत्व स्थापित करना चाहता है। इस रणनीति के अंतर्गत वैश्विक संगठनों एवं संस्थाओं को कमजोर करने के एकपक्षीय अमेरिकी शक्ति मॉडल को लागू करना ही मुख्य लक्ष्य हो सकता है।

**प्रह्लाद सबनानी**

# महाराष्ट्र में भाजपा के विकास एवं विश्वास की निर्णायक जीत



बीएमसी का महत्व केवल राजनीतिक प्रतीकात्मकता तक सीमित नहीं है। यह देश का सबसे धनी नगर निगम है, जिसका 2025–26 का बजट 74,427 करोड़ रुपये का है, जो कई छोटे राज्यों के बजट से भी अधिक है। इसीलिये बीएमसी शिवसेना का आर्थिक संबल थी, क्योंकि भ्रष्ट तौर–तरीकों के कारण नगर निकाय का पैसा उसके नेताओं के पास पहुंचता था।

महाराष्ट्र में हाल ही में संपन्न शहरी निकाय चुनाव राज्य की राजनीति की दिशा, प्रवृत्ति और भविष्य का संकेत देने वाला एक बड़ा जनादेश बनकर सामने आए हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में महायुति गठबंधन की ऐतिहासिक सफलता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि महाराष्ट्र की राजनीति अब एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। यह बदलाव केवल सत्ता के हस्तांतरण तक सीमित नहीं है, बल्कि राजनीतिक सोच, जन अपेक्षाओं और लोकतांत्रिक व्यवहार में गहरे परिवर्तन का द्योतक है। इन चुनावों ने जहां भगवा राजनीति की वैचारिक और संगठनात्मक शक्ति को नए सिरे से रेखांकित किया है, वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सकारात्मक सोच एवं विकास की राजनीति को आगे बढ़ाया है। यह सफलता ऐसे समय में मिली है जब विधानसभा चुनावों में विपक्ष को करारी शिकस्त दिए जाने को अभी एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ था। इसके बावजूद राज्यव्यापी स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा नीत महायुति गठबंधन का दबदबा यह दर्शाता है कि यह जीत क्षणिक नहीं, बल्कि एक सुदृढ़ राजनीतिक प्रवाह का परिणाम है। इन परिणामों ने राष्ट्र का ध्यान इसलिए अपनी ओर खींचा, क्योंकि इन चुनावों को मिनी विधानसभा चुनावों की संज्ञा दी गई थी। दशकों तक शिवसेना के वर्चस्व का प्रतीक रहे बृहन्मुंबई नगर निगम, यानी बीएमसी में शिवसेना का दशकों पुराना किला ढ़ह गया, बीएमसी एवं राज्यभर के शहरी निकाय चुनाव में भाजपा का सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरना एवं उसका दबदबा कायम होना, एक बड़े राजनीतिक बदलाव का सबसे सशक्त प्रमाण है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की राजनीतिक सोच और कार्यशैली इस पूरे परिदृश्य में एक निर्णायक कारक के रूप में उभरकर सामने आई है। फडणवीस ने महाराष्ट्र की राजनीति को केवल सत्ता संतुलन की सीमाओं में नहीं बांधा, बल्कि उसे दीर्घकालिक विकास दृष्टि से जोड़ा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे व्यापक राष्ट्रीय विकास कार्यक्रमों जैसे बुनियादी ढांचे का विस्तार, डिजिटल गवर्नेंस, पारदर्शिता, निवेश अनुकूल वातावरण और सुशासन को उन्होंने राज्य की आवश्यकताओं के अनुरूप जमीन पर उतारने का प्रयास किया है। उनकी राजनीति भावनात्मक उत्तेजना या तात्कालिक लोकप्रियता पर नहीं, बल्कि योजनाबद्ध विकास, प्रशासनिक दक्षता और भविष्य की तैयारी पर आधारित रही है। मुंबई से लेकर विदर्भ और मराठवाड़ा तक विकास की समान अवधारणा, शहरी–ग्रामीण संतुलन और रोजगार सृजन पर जोर उनकी सोच को प्रतिबिंबित करता है। इस महाविजय के पीछे फडणवीस की रणनीति के चार प्रमुख स्तंभ रहे हैं– हिंदुत्व और विकास का संतुलन, लोकल मुद्दों पर फोकस, विपक्ष पर प्रभावी जवाब और जनता के साथ जुडाव। यही कारण है कि स्थानीय निकाय चुनावों में जनता ने उन्हें केवल एक प्रशासक के रूप में नहीं, बल्कि एक दूरदृष्टा नेतृत्वकर्ता के रूप में स्वीकार किया है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की जो राष्ट्रीय अवधारणा गढ़ी गई, देवेंद्र फडणवीस ने उसे महाराष्ट्र की राजनीतिक और प्रशासनिक संस्कृति का हिस्सा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और यही दृष्टि महायुति की सफलता की वैचारिक रीढ़ बनती दिखाई देती है। बीएमसी का महत्व केवल राजनीतिक प्रतीकात्मकता तक सीमित नहीं है। यह देश का सबसे धनी नगर निगम है, जिसका 2025–26 का बजट 74,427 करोड़ रुपये का है, जो कई छोटे राज्यों के बजट से भी अधिक है।

इसीलिये बीएमसी शिवसेना का आर्थिक संबल थी, क्योंकि भ्रष्ट तौर–तरीकों के कारण नगर निकाय का पैसा उसके नेताओं के पास पहुंचता था। बीएमसी के इसी भ्रष्टाचार के कारण मुंबई अंतरराष्ट्रीय शहर के रूप में विकसित नहीं हो पा रही थी। ऐसे में बीएमसी पर नियंत्रण का अर्थ है नीतिगत प्राथमिकताओं, शहरी विकास की दिशा और संसाधनों के उपयोग पर निर्णायक प्रभाव। भाजपा नेतृत्व वाली महायुति की सफलता यह संकेत देती है कि आने वाले वर्षों में मुंबई का प्रशासनिक और विकासात्मक स्वरूप नए सिरे से गढ़ा जाएगा। मुंबई को खराब सडकों, ट्रैफिक जाम और प्रदूषण से त्रस्त शहर की छवि से मुक्त करना भाजपा की पहली प्राथमिकता बननी चाहिए। इन चुनावों का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह रहा कि दो दशक बाद ठाकरे परिवार से जुड़ी पार्टियां एकजुट होकर मैदान में उतरीं, फिर भी वे महायुति की लहर को रोकने में असफल रहीं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की प्रतीकात्मक एकता मतदाताओं को प्रभावित नहीं कर सकी। इसी तरह शरद पवार और अजीत पवार के नेतृत्व वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के गुटों का पूणे में गठबंधन भी बुरी तरह विफल रहा।

> राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि ठाकरे और पवार जैसे परिवारों को अब अपनी राजनीति का पुनर्मूल्यांकन करना होगा। केवल विरासत और अतीत की उपलब्धियों के सहारे राजनीति नहीं चलाई जा सकती। जनता अब जवाबदेही, परिणाम और स्पष्ट दिशा चाहती है। इसके विपरीत भाजपा ने यह सिद्ध कर दिया है कि वह चुनाव जीतने का गणित अच्छी तरह समझ चुकी है। मजबूत बूथ मैनेजमेंट, कैडर आधारित संगठन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वैचारिक व सांगठनिक संबल उसकी सफलता की आधारशिला बने हैं।



**ललित गर्ग**

# 31 तक मौका : डौंडी से 3 गुना ज्यादा गुंडरदेही में 17 लाख क्विंटल धान खरीदी

ब्यूरो चीफ रतन कुमार



**बालोद।** जिले के 143 खरीदी केंद्रों में एक लाख 6 हजार 287 किसान 53 लाख 30 हजार 527.60 क्विंटल धान बेच चुके हैं। इस खरीफ सीजन 82 लाख क्विंटल खरीदी लक्ष्य तय किया गया है। इस लिहाज से लक्ष्य पूरा करना चुनौती है। 31 जनवरी तक 28 लाख 29 हजार 473 क्विंटल धान की खरीदी होगी, तब लक्ष्य पूरा होगा।

जिला सहकारी बैंक के अनुसार समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए जिले के एक लाख 55 हजार 62 किसान पात्र है। इस लिहाज से 48 हजार 775 किसान एक बार भी धान बेच नहीं पाए हैं। सोमवार तक की स्थिति में 21 लाख 61 हजार 455.99 क्विंटल धान का परिवहन हो चुका था। 31 लाख 69 हजार 61.61 क्विंटल धान जाम था। बालोद ब्लॉक के खरीदी केंद्रों में कुल 20 हजार 544 में से 14 हजार 17 किसान 6 लाख 62 हजार 866.80 क्विंटल धान बेच चुके हैं। 6 हजार 527 किसान एक बार भी धान बेच नहीं पाए हैं। वहीं गुरूर ब्लॉक में कुल 28 हजार 128 में से 19 हजार 875 किसान 9 लाख 78 हजार 548 क्विंटल धान बेच चुके हैं। 8 हजार 253 किसान धान बेच नहीं पाए है। डौंडी से तीन गुना ज्यादा धान की खरीदी गुंडरदेही ब्लॉक में हो चुकी है। डौंडीलोहारा में 14 लाख क्विंटल धान खरीदी हुई डौंडी ब्लॉक में 17 हजार 162 में 10 हजार 515 किसान 4 लाख 84 हजार 364.40 क्विंटल धान बेच चुके हैं। 6 हजार 647 किसान एक बार भी धान बेच नहीं पाए हैं। डौंडीलोहारा ब्लॉक के खरीदी केंद्रों में 41 हजार 757 में से 28 हजार 203 किसान 14 लाख 14 हजार 444 क्विंटल धान बेच चुके है। 13 हजार 554 किसान एक बार भी धान बेच नहीं पाए हैं। इसी तरह गुंडरदेही ब्लॉक में 47 हजार 471 में से 33 हजार 677 किसान 17 लाख 90 हजार 304.40 क्विंटल धान बेच चुके हैं। 13794 किसान एक बार भी धान बेच नहीं पाए हैं।

# मूक माटी एक्सप्रेस का रायपुर से हुआ शुभारंभ



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**रायपुर भाटापारा ।** आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर रेलवे स्टेशन से आचार्य गुरुदेव विद्यासागर जी महाराज की कृति मूकमाटी के नाम से रायपुर जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का नाम मूकमाटी एक्सप्रेस किया गया , जिसका विधिवत शुभारंभ आज प्लेटफार्म नंबर 7 रायपुर से छत्तीसगढ़ के माननीय उपमुख्यमंत्री गृहमंत्री विजय शर्मा जी एवं राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के एडवाइजरी पैनल के सदस्य प्रकाश मोदी जी रायपुर वाणिज्य रेल प्रबंधक श्री अवधेश त्रिपाठी जी राकेश सिंह जी ह्यद्रष्ट्ह, सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष विनोद जैन जी, नरेंद्र गुरु कृपा जी ,अनेक अधिकारी एवं सैकड़ो जैन समाज के प्रबुद्ध जनों के बीच आज इस ट्रेन का नाम परिवर्तन कर परिचालन प्रारंभ किया गया। सकल दिगंबर जैन समाज रायपुर की ओर से श्री विजय शर्मा जी एवं अवधेश सिंह जी, राकेश सिंह जी का सम्मान किया गया। आज की ट्रेन प्रारंभ होने के पूर्व अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठाचार्य ज्योतिषाचार्य पंडित अजीत शास्त्री जी ने मंत्रोचार के साथ ट्रेन की पूजा की। श्री विजय शर्मा जी ने कहा आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने अपने जीवन काल में अनेक कार्य किया, परंतु अपने शरीर को त्यागने का अंतिम कार्य का लाभ छत्तीसगढ़ की पावन भूमि मां बमलेश्वरी की भूमि डोंगरगढ़ को प्राप्त हुआ ,माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, माननीय गृहमंत्री अमित शाह जी , रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव जी जो की लगातार गुरुदेव के संपर्क में रहते थे । आज छत्तीसगढ़ से इस ट्रेन का शुभारंभ करके हम छत्तीसगढ़ वासी अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। प्रकाश मोदी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज ने श्री अवधेश जी सीनियर डीसीएम का सम्मान किया, एवं राकेश सिंह जी का भी सम्मान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डी आर यू सीसी मेंबर लोकेश चंद्रकांत जैन ने किया । कार्यक्रम में प्रमुखरूप से नरेंद्र गुरु कृपा जी, प्रदीप विश्व परिवार जी,समस्त रायपुर के सभी मंदिरों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी डी आर यू सी सी मेंबर लोकेश चंद्रकांत जी , अनिल जैन भाटापारा वाले, यशवंत जैन, अरविंद पहाड़िया, मनीष जैन एवं सैकड़ो महानुभाव की उपस्थिति में ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर के आज रायपुर से रवाना किया गया।

# 12 साल बाद वार्ड 25 में 40 लाख की लागत से बनेगी सड़क

ब्यूरो चीफ रतन कुमार








भिलाई। नगर निगम के वार्ड 25 में भूमिपूजन के साथ ही सड़कों का डामरीकरण शुरू कर दिया गया है। 12 साल से खराब इन सड़कों को बनाने की मांग वार्डवासी कर रहे थे, जो अब पूरी हुई। पार्षद नोहर वर्मा ने बताया कि राज्य शासन के मिलियन प्लस सिटी अंतर्गत 40 लाख की लागत से डामरीकरण किया जाएगा। जवाहर नगर केएच मेमोरियल स्कूल से एचआईजी मार्ग की सड़कों को दुरुस्त किया जा रहा है। अन्य मार्गों के लिए 16 लाख की स्वीकृति भी मिल गई है।

# जंबूरी में सुआ, ददरिया, फागुन, भांगड़ा की झलक

ब्यूरो चीफ रतन कुमार

**बालोद ।** जिले के ग्राम दुधली में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर्स जंबूरी में रविवार को सुबह से देर रात तक विभिन्न गतिविधियां हुईं। विभिन्न राज्यों से पहुंचे प्रतिभागियों ने अपनी लोक-संस्कृति, वेशभूषा, संगीत और नृत्य से ऐसा समां बांधा कि विविधता में एकता का संदेश हर पल जीवंत दिखाई दिया। खास कर राजस्थान की प्रस्तुति में पारंपरिक परिधान, लोकधुन और गीतों की उमंग-ऊर्जा से भरे कार्यक्रम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

लोकनृत्यों और गीतों के माध्यम से मरुधरा की सांस्कृतिक शान झलकी।



वहीं पंजाब की प्रस्तुति में जोश, फुर्ती और आत्मविश्वास साफ नजर आया। सारी दुनिया तों अन्नदाता होन्दा जैसे संदेशों के साथ भांगड़ा ने कृषि संस्कृति और श्रम की महत्ता को रेखांकित किया। इसी प्रकार दिल्ली को शहरों का शहर नहीं, बल्कि देश की धड़कन के रूप में प्रस्तुत किया गया। फिल्मी गीतों, आधुनिक रैंप प्रस्तुति सांस्कृतिक कोलाज ने राजधानी की बहुरंगी पहचान को उभारा। सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने शहर व ग्रामीण क्षेत्र के लोग पहुंचे थे।

तेलंगाना की दक्षिण भारतीय लोकनृत्य वाद्य ने आकर्षित किया, मिली शाबाशी तेलंगाना राज्य की प्रस्तुति में लोकनृत्य, वाद्य और समकालीन रंगमंच का सुंदर समन्वय देखने को मिला। यहां के प्रतिभागियों ने दक्षिण भारतीय सांस्कृतिक धारा को प्रभावी ढंग से सामने रखा। छत्तीसगढ़ लोकनृत्यों की मिठास भरी प्रस्तुति में सुआ, मदार और ददरिया जैसे लोकनृत्य का समावेश रहा। सादगी, सामूहिकता और लोक जीवन की खुशबू से भरे इन नृत्यों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। मध्य प्रदेश की लोककला ने अपनी विशिष्टता से मंच को समृद्ध किया। जहां पारंपरिक नृत्य-गीतों के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक गहराई दिखाई दी। ओड़िशा की प्रस्तुति भी सराहनीय रही।

# पांच दिवसीय राष्ट्रीय रामायण मेला, तृतीय दिवस भक्ति और सांस्कृतिक रंग में रंगा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ की धर्मनगरी में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय रामायण मेला का तृतीय दिवस भक्तिमय एवं सांस्कृतिक वातावरण में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यर्¤ म में भजन, प्रवचन और नृत्य प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भावविज़ोर कर दिया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में अंबे मानस परिवार तिफरा के सरजू साहू, मनहरण साहू एवं साथियों द्वारा भजन सभा प्रस्तुत की गई। वहीं मोहभट्ठा कोदवा साजा की दुर्गेश्वरी गोस्वामी ने सुर संगम मानस से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। जय गोपाल कानपुर, उत्तर प्रदेश का भजन, अंजना वर्मा महोबा, मधु अग्रवाल, नंदा यादव एवं सुधा गुप्ता झांसी की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। परशुराम वार्ड की चंद्रप्रभा ध्रुव की भजन मंडली की मधुर आवाज को भी खूब सराहना मिली। विशेष प्रवचन संध्या में श्याम गुणगान परिवार की श्री हरि शर्मा मंडली द्वारा प्रस्तुत




भजनों ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया और खूब वाहवाही बटोरी। सांस्कृतिक संध्या में दूरदर्शन कलाकार रघुवर यादव मऊरानीपुर, झांसी की प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। वहीं मित्रा सेन नूपुर नृत्य केंद्र, उदालबंद असम की नृत्य प्रस्तुति ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। राष्ट्रीय रामायण मेला में देश-विदेश एवं विभिन्न राज्यों से आए कलाकार अपनी सशक्त प्रस्तुतियों के माध्यम से रामकथा की महिमा को जीवंत कर रहे हैं। तृतीय दिवस के मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा उपस्थित रहे, जिनका जन्मदिन भी इसी अवसर पर सादगीपूर्ण ढंग से मंच पर मनाया गया। आयोजकों ने गुलदस्ता ज़ेंट कर एवं पुष्पवर्षा कर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा श्रीराम से उनके दीर्घायु होने की कामना की।

## धुरंधर वार्ड में तीन दिवसीय नवधा रामायण का आयोजन

भाटापारा। स्थानीय धुरंधर वार्ड में 23 जनवरी से तीन दिवसीय नवधा रामायण समारोह का आयोजन किंकर रामायण मंडली के बैनर तले आयोजित किया गया है उक्त कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी भजन किर्तन मंडलियों के ज़ेजन व आवास की व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की गई है। समारोह में भाग लेने वाले सभी मंडलियों को पुरस्कृत किया जायेगा । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजाराम यादव , चैतराम जयसवाल ,दुखित जयसवाल सहित वार्डवासी जुटे हुए है। उक्ताशय की जानकारी राजेश यादव ने दी है।

## मोटर सायकल में अवैध शराब ले जाते युवक पकड़ा गया

**भाटापारा।** पुलिस प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे असामाजिक तत्वों के धर पकड़ अभियान में पुलिस गश्ती दल ने सिद्धबाबा धौराभाठा शराब दुकान से दुपहिया वाहन सीजी 22 जे 5161 में सवार जितेन्द्र महिलांग मुल निवासी ग्राम खिलोरा हथबंद को एक प्लास्टिक बोरी के अंदर 32 पाव देसी मदिरा शराब अवैध रूप से परिवहन करते पकड़ा है जितेन्द्र महिलांग के खिलाफ 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

## जुआ खेलते तीन जुआड़ी पुलिस के हत्थे चढ़े

भाटापारा। शहर पुलिस ने गश्त के दौरान भगतसिंह वार्ड में सार्वजनिक रूप से खुले स्थान पर ताश पत्ती का जुआ खेलते हुए तीन लोगो को धर दबोचा है उक्त सबंध में मिली जानकारी के अनुसार भगतसिंह वार्ड में कलाराम पाटले , भारत कुमार कोशले एवं अमर चेलक नामक तीन जुआड़ियों को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा है । वे सभी सार्वजनिक रूप से 52 पत्ती ताश का जुआ खेल रहे थे । पकड़े गये जुआरियों से मौके पर 840 रूपयें नगद राशि व ताश पत्ती बरामद किये गये है।

# ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण

*निर्माणाधीन आवास एवं मनरेगा कार्यों की गुणवत्ता की हुई समीक्षा, स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों में दवा उपलब्धता व साफ-सफाई व्यवस्था का किया गया आकस्मिक निरीक्षण*

ब्यूरोचीफ नरेन्द्र कुमार सेन

**गरियाबंद।** जिला पंचायत सीईओ श्री प्रखर चंद्राकर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्राम पंचायत बहेराबुड़ा के आश्रित ग्राम भेजराडीह में निर्मित सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण किया गया। । निरीक्षण के दौरान सीईओ ने सरपंच एवं ग्राम पटेल सहित अन्य ग्रामवासियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों से शौचालयों के नियमित उपयोग के बारे में जानकारी ली और संबंधितो को इनके सही ढंग से रख-रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत घुटकूनवापारा में मनरेगा के तहत स्वीकृत नाली मरम्मत




एवं गहरीकरण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यस्थल पर मौजूद तकनीकी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए। शौचालयों के साथ-साथ सीईओ ने गांव में निर्माणाधीन आवासों का भी जायजा लिया। उन्होंने हितग्राहियों और विभागीय कर्मचारियों को निर्देश दिया कि आवासों का निर्माण कार्य समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। प्रधानमंत्री जनमन योजना के प्रति संजीदगी दिखाते हुए सीईओ प्रखर चंद्राकर ग्राम पंचायत हरदी पहुंचे। यहाँ उन्होंने निर्माणाधीन जनमन आवासों का घर-घर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों से बात की और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि आवास निर्माण का कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण किया जाए ताकि पात्र परिवारों को जल्द से जल्द छत मिल सके। स्वास्थ्य सुविधाओं का औचक निरीक्षण दौरे के दौरान उन्होंने स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में दवाइयों की उपलब्धता, स्टाफ की उपस्थिति और साफ-सफाई की व्यवस्था देखी, ताकि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिल सके। इस दौरान जनपद पंचायत गरियाबंद के सीईओ के. एस. नागेश, समन्वयक (स्वच्छ भारत मिशन) परवेज हनफी, शंकुल समन्वयक लता निषाद, मनरेगा प्रोग्राम अधिकारी मोहम्मद सिराज, सहायक परियोजना अधिकारी अमजद जाफरी, ग्राम पटवारी और अन्य स्थानीय कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

# अवरेठी एवं पटपर तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए मिली लाखों की सौगात

## विकास कार्य मुख्य प्राथमिकता - अश्वनी शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** अवरेठी तालाब एवं पटपर तालाब के सौंदर्यीकरण हेतु 1–1 करोड़ की राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई है। स्वीकृत राशि में से 40 – 40 लाख की प्रथम किस्त जारी हो चुकी है जिससे कार्यों के शीघ्र आरंभ का मार्ग प्रशस्त हुआ है। वर्षों से नगरवासियों की बहुप्रतीक्षित इस माँग के पूर्ण होने से सकारात्मक उत्साह और नई उम्मीदों का वातावरण निर्मित हुआ है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने शहर की इस महत्वपूर्ण एवं जनहितकारी उपलब्धि पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन और दूरदर्शी सोच के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को मूर्त रूप देने हेतु निरंतर सक्रिय सांसद



बृजमोहन अग्रवाल एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा के सतत, समर्पित एवं प्रभावी प्रयासों के प्रति भी कृतज्ञता प्रकट की। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के सक्रिय कार्यशैली एवं सतत प्रयासों के कारण शहर में निरंतर विकास की नई गति देखने को मिल रही है। उनके कार्यकाल में नगर के सौंदर्यीकरण, अधोसंरचना विकास, स्वच्छता, जल–संरक्षण एवं जनसुविधाओं के विस्तार को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। जल–संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता को भी नया संबल मिलेगा। विकसित व सुव्यवस्थित तालाब क्षेत्र नागरिकों के लिए स्वच्छ, सुंदर एवं सुकूनदायक सार्वजनिक स्थल के रूप में उभरेंगे, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेंगे।

पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा भाटापारा शहर के समग्र विकास, पर्यावरण संरक्षण और नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अवरेठी एवं पटपर तालाब का सौंदर्यीकरण न केवल शहर की पहचान को नई ऊँचाई देगा, बल्कि जल–संरक्षण और स्वच्छ वातावरण की दिशा में भी एक सशक्त कदम सिद्ध होगा। सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से भाटापारा को एक स्वच्छ, सुंदर और विकसित नगर के रूप में स्थापित करने के लिए हम निरंतर प्रतिबद्ध हैं।

# श्रीमद्भागवत में श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग पर श्रद्धालुओं ने बरसाए फूल

**लिमतरा।** ग्राम अड़बंधा (नांदघाट)मे साहु परिवार की ओर से चल रही श्रीमद भागवत कथा के छठवे दिन श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह का आयोजन हुआ। जिसे बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। प्रसंग पर पांडाल में श्रद्धालुओं ने जमकर फूल बरसाए। आचार्य पं राजेंद्र शास्त्री (झिरिया) वाले ने बताया कि भगवान कृष्ण का महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुकमणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। भारी संख्या में भक्तगण दर्शन हेतु शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार एक सौ आठ कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमयजीवन बिताया।भगवान



श्रीकृष्ण रुकमणी के विवाह की सजीव झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। भागवत कथा के छठवे दिन कथा स्थल पर रूकमणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीकृष्ण रुकमणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई । कथा वाचक श्री शास्त्री जी ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। यदि कोई कमी रहती है वह मात्र संकल्प की होती है संकल्प एवं कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे। रुक्मणी विवाह प्रसंग पर कथावाचक शास्त्री ने कहा कि इस प्रसंग को श्रद्धा के साथ श्रवण करने से कन्याओं को अच्छे घर और वर की प्राप्ति होती है और दांम्पत्य जीवन सुखद रहता है इस दौरान बडी संख्या में भक्तगण मौजूद थे कथा के अंत मे राधा कृष्ण की फूलो के साथ होली खेली गई ।

# गाड़ा देवदास समाज के वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए अश्वनी शर्मा



**भाटापारा।** शहर क्षेत्र अंतर्गत मुंशी स्माईल वार्ड में झेरिया गाड़ा देवदास समाज का सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा शामिल हुए । झेरिया गाड़ा देवदास समाज द्वारा समाज के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय परदेशीराम देवदास की पावन स्मृति में आयोजित वार्षिक अधिवेशन में विभिन्न मुद्दो पर चर्चा हुई साथ ही स्वर्गीय परदेशीराम देवदास के स्वंतत्रता के आंदोलन में उनके बहुमुल्य योगदान को याद करते हुए उनका पुन्य स्मरण किया गया । कार्यक्रम में बड़ी तादाद में झेरिया गाड़ा देवदास समाज के महिला , पुरूष , युवा व सामाजिक तमाम सदस्य लोग उपस्थित थे।

# तरेंगा में विवेकानंद जयंती पर काव्यगोष्ठी संपन्न

**भाटापारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरेंगा में स्वामी विवेकानंद जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर साहित्यकारों को आमंत्रित किया गया था। साहित्यकारों ने अपनी अपनी कविताओं के माध्यम से बच्चों को प्रोत्साहित किया और स्वामी विवेकानंद के विचारों से बच्चों को अवगत कराया। संस्था के प्राचार्य चन्द्राजी राम कुर्रे ने बच्चों से स्वामी विवेकानंद के बताए हुए रास्ते पर चलने को कहा। कार्यक्रम के अध्यक्ष झूमुक लाल शुक्ला के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि



आज उनके द्वारा दी गई मूर्ति के समक्ष हम सभी उपस्थित होकर यह जयंती मना रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि त्रिवेणी साहू सरपंच ग्राम तरेंगा ने विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम की प्रशंसा की। बच्चों से अपने शिक्षकों का सम्मान करते हुए सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। अतिथि साहित्यकारों में अजय अमृतांशु, डॉ.सीमा अवस्थी, चंद्रकिरण शर्मा,अन्नपूर्णा पवार, कन्हैया लाल श्रीवास, कन्हैया साहू अमित, राज गुप्ता थे जिन्हे विद्यालय के द्वारा स्मृति चिन्ह ज़ेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विनोद कुमार साहू, संध्या वर्मा, पुनाराम यदु, बृजेश तिवारी, प्रवीण शर्मा और पूर्व व्याख्याता गजानंद सेलोटे का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के छात्र–छात्राओं में – पायल, छाया, पलक, पूजा,नंदनी, दीपिका,राकेश, आकाश,महेश्वर, राहुल वीरेंद्र मुकेश का विशेष सहयोग रहा।

# शर्मा व रजक ने महत्वपूर्ण बैठक ली भाजपा की

**भाटापारा।** स्थानीय स्वर्गीय गोविंद सारंग स्मृति भाजपा कार्यालय में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के शहर ग्रामीण सिमगा व निपनिया मंडल के सभी शक्तिकेन्द्र प्रभारी अध्यक्ष महामंत्री की बैठक आहुत की गई जिसमें पार्टी को मजबुत बनाने एवं शासन की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी जन– जन तक पहुंचाने सहित अन्य बिंदुओ पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई । उपरोक्त अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा , प्रहलाद रजक , आनंद यादव , राकेश तिवारी , सुनिल ,गोलु यदु सहित सभी



पदाधिकारी विभिन्न प्रकोष्ठो के पदाधिकारी शक्तिकेन्द्र प्रभारी सहित बड़ी तादाद में अन्य लोग जो पार्टी से जुड़े है उपस्थित थे।

# पांच दिवसीय राष्ट्रीय रामायण मेला में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ , पंडवानी प्रस्तुति ने जीता दर्शकों व श्रोताओं का दिल

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** शहर में चल रहे पांच दिवसीय राष्ट्रीय रामायण मेला में विभिन्न राज्यों एवं क्षेत्रों से आए कलाकारों ने अपनी सशक्त प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रथम दिवस के कार्यक्रम में देवनाथ कुंभकार सिमगा, युवा कल्याण संघ बिलासपुर, शकुंतला साहू मादर जस गीत , गणेश मानस मंडली ग्राम कड़ार सहित मधु अग्रवाल, सुधा गुप्ता, नंदा यादव झांसी, मध्यप्रदेश ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं की खूब वाहवाही लूटी। विशेष रूप से पंडवानी गायिका पुष्पा निषाद की पंडवानी प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। उक्त अवसर पर सलधा बेमेतरा स्थित शंकराचार्य आश्रम के तपस्वी मज्योति मयानंद महाराज ने आशीष दिया । यह पांच दिवसीय राष्ट्रीय रामायण मेला अत्यंत भव्य स्वरूप में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन के अंतर्गत भजन सभा, मानस प्रवचन, संतवाणी सभा, सांस्कृतिक संध्या, कवि सम्मेलन एवं राम उत्सव सहित रामचरित मानस पर आधारित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। राष्ट्रीय रामायण मेले की विशेषता यह है कि इसमें देश-विदेश से आए कलाकार एवं प्रतिनिधिमंडल सहभागिता करेंगे। श्रीलंका, फिजी एवं मॉरीशस जैसे देशों से आए कलाकार इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय गरिमा प्रदान कर रहे है।

# यज्ञ आयोजन को लेकर बैठक संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगर की श्री पंचमुखी हनुमान यज्ञ आयोजन समिति द्वारा बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विगत 15 वर्षों से जनकल्याणार्थ यज्ञ का धार्मिक अनुष्ठान किया जा रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष हरिहरात्मक यज्ञ किया जाना है जिसकी तैयारी एवं रुपरेखा बनाने हेतु एक आवश्यक बैठक यज्ञ स्थल में आहुत की गई। जिसमें यज्ञ आयोजन में होने वाले समस्त कार्यक्रमों की तैयारी को अंतिम रूप प्रदान किया गया। जिसमें 18 जनवरी को दोपहर 2 बजे रामनाम सप्ताह मंडप से विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। 19 जनवरी को मंडप प्रवेश के साथ यज्ञ का शुभारंभ होगा। दोपहर के सत्र में 19 जनवरी से 25 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 3-30 बजे से श्रीमद् भागवत कथा का वाचन स्तुति बहनजी कानपुर द्वारा किया जाएगा। 20 तारीख को रात्रि में संगीतमय सुंदरकांड पाठ समिति द्वारा सुंदरकांड का पाठ होगा। 22 व 23 जनवरी को बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार संस्था द्वारा कराया जाएगा। 23 जनवरी को ही रात्रि में श्याम भजन आयोजित है। जिसमें बिलासपुर की नेहा पाण्डेय द्वारा श्याम भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। 24 जनवरी को हनुमान चालीसा पाठ समिति द्वारा हनुमान चालीसा पाठ 25 जनवरी भागवत कथा विश्राम। 27 तारीख को राजनांदगांव के गणेश मिश्रा द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का वाचन किया जाएगा। 28 जनवरी को सुबह 9-30 बजे यज्ञ की पूर्णाहुति तदोपरांत दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारा आरम्भ होगा। समिति द्वारा पूर्व के वर्षों में हनुमत यज्ञ, लक्ष्मी नारायण यज्ञ, रुद्र यज्ञ, रामचरित मानस यज्ञ का आयोजन किया जा चुका है। इसी क्रम में इस वर्ष हरिहरात्मक यज्ञ किया जाना तय किया गया है। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से, सतीश अग्रवाल, राकेश तिवारी, सत्यनारायण जोशी, नरेश चौबे, संतोष पाण्डेय, रविन्द्र शर्मा, अशोक शुक्ला, मनोज पांडेय, हरगोपाल शर्मा, प्रकाश शर्मा, रामजी जोशी, नंदकिशोर सेवाका, सुनील दुबे, विजय वर्मा, प्रकाश पाण्डेय, उमाशंकर मिश्रा, मनीष ठाकुर, विनोद मिश्रा, सौरभजायसवाल, श्रीचंद, दिनेश सोनी, कमलेश्वर शर्मा, बिहारी जोशी, बृजकिशोर अग्रवाल, मनीष बरवाड़, रूपेश मिश्रा, पीताम्बर साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# खाद्य एवं औषधि टीम ने की पोहा मिल का निरीक्षण,मातारानी इंडस्ट्रीज से लिया गया सैम्पल

**भाटापारा** । कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने पोहा मिलो का निरीक्षण एवं जांच किया। अनियमितता मिलने पर सैम्पल लेकर जांच हेतु राज्य प्रयोगशाला को ज़ेजा गया। निरीक्षण के दौरान मातारानी इंडस्ट्रीज सेमरिया द्वारा पोहे का विनिर्माण किया जा रहा था, परन्तु खाद्य के लेबल पर विनिमार्ता की जगह पर अन्य फर्म का नाम, पता लिखा था, जो कि खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के पैकेजिंग एवं डिस्प्ले रेगुलेशन का उल्लंघन है।मौके पर पैकिंग संबंधित दस्तावेज मांगे जाने पर प्रस्तुत नही किया गया। उक्त फर्म से पोहे का विधिक नमूना संकलन कर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर ज़ेजा गया है, जांच रिपोर्ट आने पर विधि अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।



## दुपहिया वाहन को अज्ञात चोरों ने पार किया

भाटापारा। मुढ़ीपार क्षेत्र में एक ग्रामीण युवक की दुपहिया वाहन को अज्ञात चोर चुरा ले गये उपरोक्त सबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मुढीपार निवासी रविशंकर प्रसाद साहू अपनी दुपहिया मोटर सायकल क्रमांक सीजी 22 एक्स ए 8848 में सवार होकर शहर से ग्राम मुढीपार अपने गांव की ओर जा रहा था कि किसी काम से वह कृष्णा उद्योग आरा मिल के पास अपनी दुपहिया वाहन खड़ी करके मिल के अंदर चले गया और जब वहां से काम निपटा कर वह बाहर अपनी वाहन के पास पहुंचा तब उसे उसकी दुपहिया वाहन वहां पर नही दिखा आसपास पतासाजी करने के पश्चात उसने वाहन चोरी की रिपोर्ट थाना पहुंचकर लिखाई जिसपर पुलिस ने भारतीय न्याय संहित की धारा 303(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

## चाकू लेकर घुम रहा युवक पुलिस के हत्थे चढ़ा

**भाटापारा।** शहर सीमा अंतर्गत स्थानीय संतकवंरराम वार्ड में पुलिस ने गश्त के दौरान शिवम यादव नामक 20 वर्षिय युवक को चाकू के साथ धर दबोचा है शिवम अपनी पैंट के जेब में धारदार चाकू रखकर घुम रहा था इसी दौरान वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया उसके विरूद्ध 25 आर्म्स एक्अ के तहत कार्यवाही की गई है।

## श्री अखंड त्रिदिवसीय रामायण समारोह का भव्य आयोजन

**भाटापारा।** ग्राम तरेंगा में धार्मिक आस्था और भक्ति का महापर्व अखंड त्रिदिवसीय रामायण समारोह श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया है। यह आयोजन मंगलवार से 23 जनवरी 2026 शुक्रवार तक होगा। उक्त रामायण समारोह में प्रतिदिन भक्तिमय वातावरण में अखंड रामायण पाठ, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मोहन साहू, दुलार साहू, हेतराम देवांगन, राम गुलाल साहू संजय साहू परमेश्वर साहू,छन्नू लाल साहू,सहित ग्रामवासी जुटे हुए है।

## महायज्ञ एवं संतसमागम का आयोजन भाटापारा में

**भाटापारा।** धर्मनगरी भाटापारा में जनकल्याणार्थ बसंत पंचमी के पावन पर्व 28 जनवरी तक श्री हरिहरात्मक महायज्ञ एवं संतसमागम कार्यक्रम का भव्य आयोजन यज्ञ स्थल तरेंगा नाका में किया गया है उक्त कार्यक्रम में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भी कार्यक्रम होगा जिसमें कथा वाचिका कानपुर उत्तरप्रदेश निवासी स्तुति दीदी का प्रवचन होगा । पंचमुखी हनुमान यज्ञ आयोजन समिति ने सभी नागरिको से उपरोक्त अवसर पर उपस्थिति का आग्रह किया है । भागवत कथा दोपहर बाद 3-30 बजे से प्रारंभ होगा ।

## श्री अखंड नवधा रामायण 25 जनवरी तक

भाटापारा । श्री अखंड नवधा रामायण समिति हथनीपारा द्वारा 9 दिवसीय अखंड रामायण का आयोजन` 25 जनवरी तक नवधा रामायण मंडप हथनीपारा में किया गया है। इस आयोजन के अंतर्गत श्री राम जानकी विवाह 18 जनवरी रविवार को संध्या 4 बजे, बसंत पंचमी उत्सव 23 जनवरी को संध्या 4 बजे मनाया जाएगा। 24 जनवरी को भगवान श्री राम का राजतिलक तथा 25 जनवरी रविवार को पूर्ण आहुति एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जावेगी। उपरोक्त जानकारी देते हुए श्री अखंड नवधा रामायण समिति हथनीपारा के पदाधिकारियों ने अंचल के समस्त रामायण मंडलियों एवं श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि इस 9 दिवसीय अखंड नवधा रामायण समारोह में भाग लेकर भागीदार बने।

# कामधेनु गौशाला में बेघर को आश्रय

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



भाटापारा/ कामधेनु गौशाला ने गौसेवा के साथ मानव सेवा को भी अपना उद्देश्य बना लिया। घर से बेघर हुए निषाद दंपति को शरण देते हुए उसकी गर्भवती पत्नी का प्रसव करा कर उसके परिवार को विस्थापित किया। टेहका मार्ग कामधेनु गौशाला पिछले 17 वर्ष से संचालित हो रही है। नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल की पहल पर निरीह और सूखी गायों के लिए कामधेनु गौशाला स्थापित की गई। गौशाला में सूखी, अपंग गायों को रखा गया है। सूखी गायों के साथ दुर्घटना में अपंग गायों को गौशाला लाकर डाक्टर से इलाज करा रखा जाता है। दस एकड़ में फैली गौशाला में गायों के लिए सुख सुविधा का इंतजाम किया गया है। गौ परिसर में पंखे और कूलर लगे हैं। नागरिकों के सहयोग से गौशाला चल रही है। जहाँ समय समय पर गोपाल अग्रवाल, मदन अग्रवाल, राकेश उपाध्याय, रमेश शर्मा जैसे अनेक नागरिक गौशाला में सहयोग करते हैं। वृद्ध हुए कैलाश अग्रवाल हर रोज यहां अपनी हाजरी देते हैं।

**टेहका मार्ग की कामधेनु गौशाला पिछले 17 वर्ष से संचालित हो रही है**

गौशाला में गोढ़ी गाँव से निष्कासित हुए रोहित निषाद अपनी गर्भवती पत्नी बच्चों सहित गौशाला में अपनी आपबीती सुनाते हुए निकला। कैलाश अग्रवाल को निषाद परिवार की हालात का पता लगा तो उन्हें खोजने के लिए कहा। ठंड में ठिठुरता रोहित अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रेलवे स्टेशन में बैठा था। गोपाल गोयल उन्हें लाकर गौशाला में आश्रय दे दिया। उसी रात रोहित की पत्नी राजकुमारी ने एक बच्ची को जन्म दिया। बच्ची के जन्म से गौशाला में खुशी की लहर फैल गयी। कैलाश अग्रवाल के निर्देश पर उन्हें निषाद परिवार को गौशाला में रहने के साथ दंपत्ति को काम में रख लिया। बोल बम समिति के गोपाल गोयल ने बच्ची के जन्म पर मिठाई बंटवाई और खुशी खुशी में बच्ची को गोद लेकर जेठू गोयल ने फोटो खिंचवाई।

# डॉ वंदनागोपाल शैली गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से अलंकृत



**विशेष प्रतिनिधि**

**रायपुर।** साहित्य विद्या द्वारा साहित्य विधा के स्थापना दिवस पर लघुकथा संग्रह का विमोचन किया गया एवं सम्मान समारोह का भी आयोजन रखा गया ,यह आयोजन समारोह वृंदावन हॉल रायपुर में रखा गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर अभिलाषा बेहार, सचिव राजभाषा आयोग छत्तीसगढ़, अध्यक्षता में गिरीश पंकज वरिष्ठ साहित्यकार ,विशिष्ट अतिथि के रूप में चितरंजन कर वरिष्ठ साहित्यकार एवं भाषाविद महेंद्र ठाकुर, श्रीमती शशि सुरेंद्र दुबे वरिष्ठ कवयित्री, सोनल राजेश शर्मा छत्तीसगढ़ हेड गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की उपस्थिति में डॉक्टर सरोज दुबे संस्थापक द्वारा लघुकथा का साझा संग्रह 'अनुनाद' अलंकृत किया गया। ज्ञातव्य हो कि अनुनाद में डॉ.वंदनागोपाल शर्मा "शैली" की दो लघुकथाएँ भी शामिल है। विदित हो कि साझा संग्रह का संपादन डॉ सरोज दुबे, विजया ठाकुर और मीता अग्रवाल मधुर ने संपादन किया है।छत्तीसगढ़ में इस तरह का अनूठा लघुकथा संग्रह पहली बार गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से अलंकृत किया गया। जिसमें भाटापारा से डॉक्टर वंदनागोपाल शर्मा "शैली" (वर्तमान में गाइडेंस एंड काउंसलर) को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें इस सम्मान प्राप्ति पर लालसोट ब्राह्मण समाज अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी, नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी लालसोट महिला मंडल अध्यक्ष नेहा शर्मा, विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा उमारेखू शर्मा,अखंड ब्राह्मण समाज अध्यक्षा शिवानी शर्मा, आदिगौड़ ब्राह्मण समाज अध्यक्षा बबिता भृगु द्वारा बधाई प्रेषित की गयी साथ ही साहित्य जगत से भी वरिष्ठ साहित्यकार बलदेव भारती जी, तुलेश्वरी धुरंधर अजय अमृतांशु,अनुपम बाजपेई,स्वर्णलता त्रिवेदी, चंद्रकिरण शर्मा एवं अन्य रचनाकार, प्रेमी जनों ने शुभकामनाएँ प्रेषित की।

# भाईचारा और समरसता का जीता-जागता प्रमाण है न्यौता भोज- टेसूलाल धुरंधर



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**बलौदाबाजार।** भारत माता सेवा ट्रस्ट द्वारा मकर संक्रांति के पावन अवसर पर कु.युतिका सुपुत्री संगीता धर्मवीर धुरंधर की जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शुक्लाभाठा के प्राथमिक,पूर्व माध्यमिक व आंगनबाड़ी केंद्र में अध्ययनरत बच्चों को जनपद पंचायत बलौदाबाजार के उपाध्यक्ष श्री मती सुमन योगेश वर्मा के मुख्य आतिथ्य,भारत माता सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर की अध्यक्षता में न्यौता भोज का आयोजन किया गया। सभी बच्चों को न्यौता भोज में दाल,चांवल,सब्जी,सलाद के अलावा खीर,पूड़ी, बालूशाही,केला व तिल की लड्डू का वितरण किया गया।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में श्री मती सुमन वर्मा ने कु.युतिका को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय परंपरा के ऐसे



त्योहारों का आयोजन स्कूलों में सामूहिक रूप से किया जाना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए टेसूलाल धुरंधर ने कहा कि न्यौता भोज न केवल पौष्टिक आहार का वितरण है अपितु भाई-चारा और समरसता का जीता-जागता प्रमाण भी है। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से प्रधानपाठक को भारत माता का छायाचित्र भेंट किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित सेवा निवृत्त प्रधान पाठक पदुमलाल बंजारा,योगेश वर्मा,धर्मवीर धुरंधर,समन्वयक शिवकुमार वर्मा,प्रधानपाठक श्री मती रेखा ध्रुव,श्री मती उषादेवी धुरंधर, हरिकिशन वर्मा,श्री मती प्रमीला वर्मा,श्री मती अनीता रानी शर्मा,श्री मती संगीता धुरंधर,श्री मती चित्रलेखा श्रेय, कुंजबिहारी निराला,श्री मती विमला वर्मा एवं स्कूल स्टाफ व बच्चों की ओर से पुष्पवर्षा कर कु. युतिका को बधाई दी गई। कार्यक्रम का सफल संचालन विकासखंड संयोजक विनय गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन एसपीसी एम एल साहू द्वारा किया गया।

# विप्र नगर बस्ती में सम्पन्न हुआ हिन्दू सम्मेलन

## भारत ने दुनिया को ज्ञान-विज्ञान एवं आधुनिकता और अध्यात्म भी दिया - संजय तिवारी

रायपुर। विप्र नगर बस्ती रायपुर में हिन्दू सम्मेलन का कार्यक्रम उत्साह पूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रायपुरा नगर के संघचालक जयनेन्द्र जैन, मुख्य वक्ता संजय तिवारी, मुख्य अतिथि किन्नर अखाड़ा महामंडलेश्वर सुश्री सौम्या दीदी एवं हिन्दू समाज के सम्मानीय नागरिक गण उपस्थित थे।





इस सम्मेलन में सनातन संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय चेतना जैसे अहम विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस सम्मेलन में उपस्थित थे।

इसके अलावा संत वेदप्रकाश महाराज विशेष तौर पर शामिल हुए

मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रान्त प्रचार प्रमुख संजय तिवारी नें हिन्दू सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत नें दुनिया को ज्ञान दिया विज्ञान दिया। आधुनिकता और अध्यात्म भी प्रदान किया। जिसने दुनिया को शक्ति भी सिखाया और भक्ति की दिशा भी दी। उन्होनें कहा पाँच बातें व्यवहार में लानी होगी। पहला भेद को खत्म करना होगा। समाज के हर वर्ग में हमारा उठना, बैठना, सुख दुःख में सहभागिता हो. सबको मैं अपना मित्र बनाऊंगा, यही सामाजिक समरसता है. पानी का साधन जो भी हो वह सबके लिए हो.



दूसरा, अपने घर में सप्ताह में एक दिन तय करके सब एक साथ भजन करें, साथ में घर पर बना भोजन करें. आपस के सुख दुःख की चर्चा करें. हम कौन हैं, देश की स्थिति परिस्थिति पर चर्चा करें. महान आदर्शो पर चर्चा करना, उन्हें जीवन में कैसे अपनाएं इस पर चर्चा कर, प्रेरित करना.

तीसरा, आज ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती है, पर्यावरण संरक्षण के लिए मैं व्यक्तिगत स्तर पर क्या कर सकता हूँ. सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कैसे कम हो सकता है, पेड़ लगाओ, वाटर हार्वेस्टिंग कर सकते हैं.

चौथा, स्व के मार्ग पर चलना. घर, परिवार, समाज में स्व भाषा बोलूंगा. यदि दूसरे प्रान्त में रहता हूँ तो वहाँ की भाषा भी सीख लूंगा. अपना वेश पहनना, हर दिन नहीं पहन सकता लेकिन पूजा में तो पहन सकता हूँ. अपनी वेशभूषा पहनना ही नहीं आता यह ठीक नहीं. स्वदेशी वस्तु का उपयोग अधिक करेंगे.

पांचवा, धर्म सम्मत आचरण कैसे करें, इसके लिए नागरिक कर्तव्य का पालन करना चाहिए. संविधान हमारे पुरखों ने हमें प्रदान किया है, उसमें हमारे मूल्य व संस्कृति के दर्शन की अभिव्यक्ति होती है. उन्हें पालन करना चाहिए. कुछ बातें क़ानून में नहीं हैं, माता-पिता बड़ों के चरण स्पर्श करना, इससे विनम्रता आती है. बच्चों को संस्कार दें, घर में बच्चों से दान दिलवाने की परंपरा रही है, जिससे उनमें दायित्व का बोध आए.



# पौष पूर्णिमा : हिंदू और जनजातीय एकता, अटूट परंपरा और साझा विरासत का महापर्व

ब्यूरो चीफ रतन कुमार

पौष पूर्णिमा केवल एक धार्मिक तिथि नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन वैदिक परंपराओं और समृद्ध जनजातीय संस्कृति के बीच सेतु का कार्य करती है। यह पर्व उस सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है, जो विविधताओं के बावजूद भारतीय समाज की आत्मा को एक सूत्र में बांधती है। वर्ष 2025 में इस पर्व का महत्व और भी बढ़ गया, जब 13 जनवरी को प्रयागराज में विश्व प्रसिद्ध महाकुंभ मेले का शुभारंभ पौष पूर्णिमा के पावन अवसर पर हुआ। त्रिवेणी संगम पर लाखों श्रद्धालुओं ने अमृत स्नान कर आध्यात्मिक शुद्धि और मोक्ष की कामना की, वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ और ओडिशा के जनजातीय अंचलों में पारंपरिक 'चेरछेरा' उत्सव की उल्लासपूर्ण गूंज सुनाई दी।

पौष से माघ मास में प्रवेश केवल पंचांग का परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह त्याग, निस्वार्थता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का सामूहिक संदेश देता है। इस पर्व की आत्मा 'दान और सेवा' की उस साझा भावना में निहित है, जिसे वैदिक परंपरा में 'दान' और जनजातीय बोलियों में 'छेरता' या 'चेरछेरा' कहा जाता है। यह विचार इस सिद्धांत पर आधारित है कि संपूर्ण सृष्टि एक परिवार है–"वसुधैव कुटुम्बकम"–और सुख का वास्तविक आधार संचय नहीं, बल्कि वितरण है। कुंभ मेले में जहां श्रद्धालु पुण्य अर्जित करने के लिए अन्न, वस्त्र और धन का दान करते हैं, वहीं छत्तीसगढ़ के गांवों में





बच्चे और युवा "छेरछेरा, कोठी के धान ल हेरछेरा" कहते हुए घर-घर जाकर धान और अन्न संग्रह करते हैं। दोनों ही परंपराओं में समाज के कमजोर वर्गों के प्रति समर्पण और सहयोग की भावना समान रूप से दिखाई देती है।

हिंदू और जनजातीय संस्कृतियों के बीच समानता का एक और मजबूत आधार प्रकृति पूजा है। हिंदू परंपरा में इस दिन सूर्य और चंद्रमा की आराधना की जाती है, जबकि जनजातीय समाज धरती माता, फसलों और पशुधन की पूजा करता है। दोनों ही संस्कृतियों में यह गहरी मान्यता है कि मनुष्य प्रकृति का स्वामी नहीं, बल्कि उसका अभिन्न अंग है। पश्चिमी ओडिशा में पौष पूर्णिमा को 'पुसपुनी' पर्व के रूप में मनाया जाता है, जो सामाजिक नवीनीकरण का प्रतीक है। इस अवसर पर कृषि श्रमिकों का सम्मान किया जाता है और सामूहिक भोज का आयोजन होता है। चाहे वैदिक परंपरा में सूर्य देव को अर्घ्य देने की विधि हो या जनजातीय समाज में मवेशियों की पूजा–इन सभी अनुष्ठानों का मूल उद्देश्य प्रकृति और उसके संसाधनों के प्रति आभार व्यक्त करना है। इस आध्यात्मिक और सांस्कृतिक निरंतरता को सहेजने में

**हिंदू और जनजातीय संस्कृतियों के बीच समानता का एक और मजबूत आधार प्रकृति पूजा है**

भविष्य का कैलेंडर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वर्ष 2025 के ऐतिहासिक आयोजनों के बाद अगली पौष पूर्णिमा शनिवार, 3 जनवरी 2026 को मनाई जाएगी। यह तिथि हिंदू और जनजातीय समाज दोनों के लिए अपनी साझा परंपराओं, कृतज्ञता की भावना और अटूट सांस्कृतिक एकता को और अधिक मजबूत करने का एक नया अवसर प्रदान करेगी। पौष पूर्णिमा वास्तव में उस भारत का प्रतिबिंब है, जहां विविधता में एकता केवल विचार नहीं, बल्कि जीवंत परंपरा है।

# आखिर हनुमान चालीसा का पाठ रोज क्यों करना चाहिए? दूर होते हैं हर संकट और मिलते हैं कई फायदे

हनुमान चालीसा गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित एक ऐसी स्तुति है, जो हनुमान जी की भक्ति, शक्ति और भगवान राम के प्रति समर्पण का सबसे सुंदर रूप है। यह 40 चौपाइयों वाली छोटी रचना इतनी शक्तिशाली है कि लाखों भक्त इसे रोज पढ़ते हैं। हनुमान चालीसा का रोज पाठ करने से शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और आध्यात्मिक के साथ जीवन के हर क्षेत्र में लाभ मिलते हैं। ज्योतिष, वास्तु और अनुभवों के आधार पर भी यह सिद्ध है कि नियमित पाठ से कई बाधाएं दूर होती हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। आइए जानते हैं कि रोज हनुमान चालीसा पढ़ने के 5 प्रमुख कारण और फायदे क्या हैं।

## संकटमोचन हनुमान की कृपा प्राप्त होती है

हनुमान जी को संकटमोचन कहा जाता है, अर्थात संकटों से छुटकारा दिलाने वाले। हनुमान चालीसा में हर चौपाई में हनुमान जी की शक्ति और राम भक्ति का वर्णन है। रोज पाठ करने से हनुमान जी की कृपा सीधे साधक पर पड़ती है। शास्त्रों में कहा गया है कि हनुमान चालीसा का नियमित पाठ करने से शत्रु, भय, रोग और ग्रह बाधाएं दूर होती हैं। विशेष रूप से शनि, राहु और केतु के दुष्प्रभाव कम होते हैं। मान्यता है कि हनुमान चालीसा का रोज पाठ करने से अचानक आने वाली संकटों से रक्षा मिलती है और मुश्किलें आसान हो जाती हैं।

## मन की शुद्धि और नकारात्मक विचारों से मुक्ति

हनुमान चालीसा में 'भूत पिशाच निकट नहिं आवै, महावीर जब नाम सुनावै' जैसी चौपाइयां हैं, जो नकारात्मक ऊर्जा और बुरी शक्तियों से रक्षा करती हैं। रोज पाठ करने से मन में



आने वाले गंदे, नकारात्मक या अनुचित विचार कम हो जाते हैं। यह पाठ मन को शांत करता है, एकाग्रता बढ़ाता है और तनाव-चिंता से मुक्ति दिलाता है।

## करियर, नौकरी और आर्थिक स्थिति में लाभ

हनुमान चालीसा में 'संकट कटै मिटै सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा' लिखा है। रोज पाठ करने से करियर में रुकावटें दूर होती हैं, नौकरी में तरक्की मिलती है और व्यापार में सफलता मिलती है। हनुमान जी बल और बुद्धि दोनों के दाता हैं। इसलिए छात्रों को परीक्षा में सफलता, नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन और व्यापारियों को लाभ मिलता है।

## स्वास्थ्य और शारीरिक बल में वृद्धि

हनुमान जी को बलशाली और अमर माना जाता है। हनुमान चालीसा का पाठ करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य मजबूत होता है। इसमें 'रोगों से मुक्ति' और 'बल-बुद्धि विद्या देहु मोहि' जैसी पंक्तियां हैं। रोज पाठ करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, पुरानी बीमारियां दूर होती हैं और व्यक्ति में साहस व ऊर्जा आती है। विशेष रूप से शारीरिक कमजोरी, थकान या डर से ग्रस्त लोगों को रोज पाठ करने से बहुत लाभ मिलता है।

## परिवार में सुख-शांति और रक्षा का कवच

हनुमान चालीसा परिवार के लिए सबसे मजबूत रक्षा कवच है। रोज पाठ करने से घर में झगड़े, तनाव और नकारात्मकता कम होती है। हनुमान जी परिवार की रक्षा करते हैं और घर में राम भक्ति की ऊर्जा बढ़ाते हैं। बच्चे अनुशासित होते हैं, माता-पिता का स्वास्थ्य अच्छा रहता है और घर में शांति बनी रहती है। हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ करना और भी ज्यादा फलदायी माना गया है। हनुमान चालीसा का रोज पाठ करना केवल पूजा नहीं, बल्कि जीवन का एक शक्तिशाली अभ्यास है। यह संकटों से रक्षा करता है, दिमाग को तेज करता है, स्वास्थ्य सुधारता है, करियर में सफलता दिलाता है और परिवार में शांति लाता है। मान्यता है कि अगर आप रोज सुबह या शाम 5-7 मिनट निकालकर हनुमान चालीसा पढ़ें, तो जीवन में धीरे-धीरे चमत्कारिक बदलाव देखेंगे।

# कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों का किया स्थल निरीक्षण

## भव्य, अनुशासित एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत आयोजन के दिए निर्देश

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया





**बेमेतरा ।** आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मुख्य समारोह को भव्य, गरिमामय एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने बेमेतरा के बेसिक ग्राउंड में प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने परेड, झांकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंच व्यवस्था, ध्वजारोहण, अतिथि स्वागत, बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, यातायात एवं सुरक्षा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की बिंदुवार जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री प्रेमलता मंडावी, अपर कलेक्टर श्री प्रकाश भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर सुश्री पिंकी मनहर, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कलेक्टर सुश्री ममगाई ने कहा कि गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय गौरव, लोकतंत्र और संविधान के प्रति सम्मान का प्रतीक है, इसलिए आयोजन में अनुशासन, समयबद्धता एवं गरिमा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के नियमित रिहर्सल, मंच एवं मैदान की आकर्षक सजावट, ध्वनि एवं प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस एवं होमगार्ड विभाग को सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने, स्वास्थ्य विभाग को आपात चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने तथा नगर पालिका परिषद को साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही आम नागरिकों, विद्यार्थियों एवं अतिथियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट दायित्व सौंपते हुए आपसी समन्वय से कार्य करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस का आयोजन देशभक्ति, एकता, अखंडता एवं संवैधानिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है, अतः इसे सफल, प्रेरणादायक एवं यादगार बनाया जाए।

### राष्ट्रीय पर्व को यादगार बनाने विभागीय समन्वय पर विशेष जोर

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय महत्व के पर्व में प्रत्येक व्यवस्था समय से पूर्ण होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आयोजन की सफलता के लिए विभागीय समन्वय, स्पष्ट कार्य विभाजन एवं सतत निगरानी अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर ने परेड में भाग लेने वाले पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट-गाइड एवं स्कूली दलों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अनुशासन, एकरूपता एवं कदमताल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परेड राष्ट्रीय अनुशासन एवं सम्मान का प्रतीक होती है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की कमी स्वीकार्य नहीं होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि प्रस्तुतियां भारतीय संविधान, स्वतंत्रता संग्राम, देशभक्ति, सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक विविधता की भावना को प्रतिबिंबित करें। उन्होंने विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस मंच युवा पीढ़ी के लिए देशप्रेम की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है।

### अतिथियों एवं आमजन की सुविधा सर्वोपरि

कलेक्टर ने मंच व्यवस्था, बैठक क्षमता, प्रवेश एवं निकास मार्ग, पार्किंग, दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधा, पेयजल व्यवस्था तथा छाया प्रबंध की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसी भी आगंतुक को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह केवल शासकीय कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी का उत्सव है, जिसमें जिले के नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है। अतः सभी व्यवस्थाएं जनहित केंद्रित हों।

### सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर विशेष निर्देश

कलेक्टर सुश्री ममगाई ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस, होमगार्ड एवं प्रशासनिक अमले को पूर्ण सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थल पर भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण एवं आपात स्थिति से निपटने की समुचित योजना पूर्व से तैयार रहे। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम स्थल पर एम्बुलेंस, प्राथमिक उपचार दल एवं आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध हो सके। नगर पालिका परिषद को कार्यक्रम स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, रंग-रोगन एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण राष्ट्रीय पर्व की गरिमा को और अधिक बढ़ाता है। कलेक्टर ने कहा कि गणतंत्र दिवस भारतीय संविधान के लागू होने की स्मृति का दिन है, जो हमें लोकतंत्र, समानता, स्वतंत्रता और न्याय के मूल्यों की याद दिलाता है।

उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि आयोजन के माध्यम से इन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं का सम्मान प्रेरणादायी संदेश देता है और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। अंत में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों से अपील की कि वे समर्पण, अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि जिला बेमेतरा में गणतंत्र दिवस समारोह ऐतिहासिक, भव्य एवं प्रेरणास्पद बन सके।

ज एसएसपी बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (IPS) के निर्देशन पर बेमेतरा पुलिस, थाना खम्हरिया प्रभारी व उनकी टीम, चौकी देवकर स्टाफ द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए

# सभी बैंको व एटीएम एवं बैंको के आस-पास की जा रही चेकिंग एवं लगातार पेट्रोलिंग






**बेमेतरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को बैंको व एटीएम की सुरक्षा को दृष्टि गत रखते हुए चेकिंग एवं लगातार पेट्रोलिंग करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश कुमार यादव, एसडीओपी बेमेतरा श्री भूषण एक्का, एसडीओपी बेरला श्री विनय कुमार, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू, डीएसपी श्रीमती शशिकला उईके के मार्गदर्शन में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों एवं स्टाफ के द्वारा जिले के बैंको व एटीएम एवं बैंको के आस-पास लगातार चेकिंग एवं पेट्रोलिंग किया जा रहा है। जिसके तहत थाना खम्हरिया प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, आरक्षक रमन चंद्राकर एवं उनकी पुलिस टीम, चौकी प्रभारी देवकर सउनि उदल राम टांडेकर, प्रधान आरक्षक ललित केरकेट्टा द्वारा बैंको व एटीएम एवं बैंको के आस-पास लगातार चेकिंग एवं पेट्रोलिंग किया जा रहा है।थाना थान खम्हरिया के बैंको की थाना प्रभारी द्वारा बैंकों में गार्ड,अलार्म, CCTV कैमरा, फायर सिस्टम और संदिग्धों की चेकिंग और बैंको की सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए गए।

जिसमें बैंक के अंदर प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्तियों की जानकारी रखने, बैंके अंदर और बाहर लगे कैमरे चालू स्थिति में हो, बैंक का खुलने और बंद होने का निर्धारित समय हो, बैंक का सायरन चालू अवस्था में हो, बैंक अधिकारियों के पास निकटतम थाना/पुलिस कंट्रोल रूम/आपातकालीन नंबर मौजुद हो तथा बैंक पटल पर लिखे हो, बैंक में प्रवेश करने वाले व्यक्ति चेहरा ढककर/हेलमेट पहन कर अथवा स्कार्फ पहन कर न आये, इस पर विशेष ध्यान देने एवं आवश्यक रूप से बैंक के बाहर नोटिश बोर्ड चश्पा किया जाए। रात्रि में बैंक परिसर में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हो।

# नगर में एक दिवसीय मानस सत्संग संपन्न, बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखमरिया।** नगर के वार्ड क्रमांक 05 में एक दिवसीय मानस सत्संग कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं के आग्रह पर आयोजित इस सत्संग में बड़ी संख्या में महिला–पुरुषों ने सहभागिता निभाई और रामभक्ति में लीन रहे।

यह कार्यक्रम विगत 15 वर्षों से श्रीराम सेवा सत्संग मानस समिति द्वारा नियमित रूप से आयोजित किया जा रहा है, जो प्रत्येक माह क्रमशः विभिन्न गांवों में संपन्न होता है। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा–अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात भजन–कीर्तन, प्रवचन एवं मानस पाठ के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान किया गया।

सत्संग में जय हिंगलाज मानस मंडली पतोरा सहित लगभग 12 मानस मंडलियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिन्होंने सुमधुर संगीत, भजनों एवं कथा वाचन से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने पूरे मनोयोग से कथा का श्रवण किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीराम सेवा सत्संग मानस समिति के संयोजक श्री अनिल सिंघानिया का आयोजन समिति द्वारा श्रीफल व पुष्प भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर अनिल सिंघानिया ने



अपने उद्बोधन में कहा कि हम श्रीराम और श्रीकृष्ण को मानने वाले, सनातन धर्म के अनुयायी हैं। उन्होंने बल देते हुए कहा कि वास्तव में मनुष्य की एक ही जाति—मानव—है और उसका सच्चा धर्म मानव धर्म है। निस्वार्थ सेवा, सदाचार, करुणा और परस्पर सद्भाव मानव धर्म के प्रमुख गुण हैं। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना, सांस्कृतिक एकता एवं सनातन मूल्यों के संरक्षण और प्रसार को बढ़ावा देना है तथा इसके लिए समाज को संगठित रहना आवश्यक है। कार्यक्रम में समिति के सचिव काशी अग्रवाल, दीनदयाल साहू, दुर्गा सिंह सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन पीलू राम पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर पं मनोज शर्मा, ,जयकरण पाटिल, मनहरण सिन्हा, लालाराम साहू, संतोष सिन्हा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार में महिला सशक्तिकरण को मिली नई दिशा - प्रज्ञा निर्वाणी

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** स्थानीय रेस्ट हाउस में भाजपा महिला मोर्चा मंडल के तत्वावधान में भव्य सामूहिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। स्वागत संबोधन में नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता अग्रवाल ने कहा कि प्रज्ञा निर्वाणी हमारे गांव की बेटी हैं, जिन्हें जिले में महिलाओं के नेतृत्व और संगठन की बड़ी जिम्मेदारी मिली है। यह हम सभी नगरवासियों के लिए गर्व का विषय है। उनके नेतृत्व में महिलाओं को नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और ताकत मिलेगी।

मुख्य वक्ता प्रज्ञा निर्वाणी ने भारत माता की जयकारों के साथ अपने उद्बोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि वे परिवार के सदस्य की तरह सभी से मिलने आई हैं। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी तक जिले की महिला मोर्चा कार्यकारिणी का गठन किया जाना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की परिवार और समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। महिला जब घर से बाहर निकलती है तो वह केवल अपने कार्य के लिए नहीं, बल्कि पूरे परिवार की व्यवस्था सुनिश्चित कर निकलती है।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि महिलाओं को अपनी शक्ति को पहचानना होगा। हम कहीं से कमजोर नहीं हैं, देश की आधी आबादी का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं।

प्रज्ञा निर्वाणी ने मोदी सरकार की योजनाओं को महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर बताते हुए उज्ज्वला गैस योजना का उल्लेख किया, जिससे करोड़ों महिलाओं को धुएं और बीमारी से राहत मिली। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान, हर घर जल योजना से पेयजल सुविधा तथा पक्के शौचालयों के निर्माण से महिलाओं की वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान हुआ है।

उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर–घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और योजनाओं की जानकारी महिलाओं तक पहुंचाएं, क्योंकि देश निर्माण और लोकतंत्र की मजबूती में महिलाओं की भूमिका निर्णायक है।

अपने संबोधन के अंतिम चरण में उन्होंने पूर्व कृषि मंत्री एवं विधायक के शासनकाल में भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के साथ हुए कथित अपमानजनक व्यवहार पर तीखा कटाक्ष किया।

कार्यक्रम का संचालन चंद्रशेखर राजपूत ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से घनश्याम ठाकुर, रोहित राजपूत, नमिता सिन्हा, सरिता जैन, रेखा शर्मा, टिकम अग्रवाल, शिवानी यादव, सरपंच चितरेन साहू, लालाराम साहू, हीरामणि साहू, सूरज पाल, आदर्श जोशी, प्रवेश नेताम, सोनू शर्मा, कृष्णा वैष्णव, मीना राजपूत सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा कार्यकर्ता एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ संघर्षशील युवा नेता ज्वाला सिंह ठाकुर को मिली प्रदेश स्तरीय बड़ी जिम्मेदारी, साजा में हर्ष का माहौल

## साजा विधानसभा से भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह, प्रदेश नेतृत्व का जताया आभार

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** साजा विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के अत्यंत वरिष्ठ, जुझारू एवं संघर्षशील युवा नेता ज्वाला सिंह ठाकुर जी को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश किसान मोर्चा में प्रदेश सह–संयोजक (कृषि व्यवसाय एवं उद्यमी प्रकल्प) की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने पर साजा विधानसभा क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस निर्णय का स्वागत किया। ज्वाला सिंह ठाकुर विगत 20 वर्षों से निरंतर पार्टी संगठन के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। वे न केवल संगठनात्मक रूप से सक्रिय रहे हैं, बल्कि आम जनता के सुख–दुख में सहभागी बनकर उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सदैव तत्पर रहते आए हैं। साजा विधानसभा क्षेत्र की जनसमस्याओं को उच्च स्तर तक पहुंचाने के लिए उनका सतत प्रयास उन्हें एक जमीनी और कर्मठ नेता के रूप में स्थापित करता है। उनकी नियुक्ति को क्षेत्र के किसानों, युवाओं एवं कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष बुलाक राम साहू, महामंत्री परमानंद यदु, लुक राम, नेमसिंह, विनोद, परमेश्वर वर्मा, नारद देवांगन, कमल राजपूत, शंकर साहू, ललित ध्रुव, गुलाब साहू, दूध्ये साहू, नेतराम



साहू, पार्षद श्रीमती पार्वती वर्मा, श्रीमती नेहा यादव, श्रीमती प्रेरणा शौर्यजीत सिंह (नगर पंचायत उपाध्यक्ष), नेत्रराम (विधायक प्रतिनिधि), त्रिलोकी, सोनू वर्मा, हिमांशु वर्मा (नगर पंचायत अध्यक्ष), अभिषेक शर्मा, सोनू पटेल, भिखाम साहू, राम कुमार, घनश्याम साहू (सरपंच), धनीराम (जनपद सदस्य), जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि परमेश्वर वर्मा, दुर्गा यदु, सरपंच विजय साहू, अनिल सिंघानिया, घाना राम साहू, गोपी साहू, रोमन, राजेंद्र निर्मलकर सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त की। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि ज्वाला सिंह ठाकुर जी के अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और किसान हितों के प्रति समर्पण से प्रदेश में कृषि व्यवसाय एवं उद्यमिता को नई दिशा मिलेगी तथा पार्टी संगठन और अधिक सशक्त होगी।

# सरस्वती शिशु मंदिर में उल्लास व संस्कार के संग गूंजा वार्षिक उत्सव, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखमरिया।** सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक उत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से किया गया। कार्यक्र म की शुरुआत स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना नृत्य के साथ पूरे जोश और उमंग के साथ हुई। इसके पश्चात गणेश वंदना, वंदे मातरम्, ऑपरेशन सिंदूर, भक्ति गीत, देशभक्ति गीत, पंथी नृत्य, कवि सम्मेलन, हाय रे सरगुजा नृत्य सहित एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।






## अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

कार्यक्र म में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ईश्वर साहू उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल, भाजपा जिला महामंत्री राजेश ठाकुर, विद्या भारती शिक्षण संस्थान से सुरेश साहू, अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंघानिया, राकेश जोशी तथा मंडल अध्यक्ष केशव पटेल शामिल रहे। कार्यक्र म की शुरुआत मां सरस्वती एवं भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना के साथ की गई।

## देशभक्ति गीत से मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

मुख्य अतिथि विधायक ईश्वर साहू ने "हम होंगे कामयाब एक दिन" देशभक्ति गीत गाकर पूरे सभागार को भाव-विभोर कर दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जीवन में पहला गुरु माता-पिता होते हैं और दूसरा गुरु वह होता है जो हमें सत्य एवं संस्कार की राह दिखाता है। सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षा के साथ संस्कारों का निर्माण किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप यहां के छात्र-छात्राएं न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं बल्कि भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के संरक्षण में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## संघर्ष से सफलता तक की प्रेरक कहानी

विधायक ईश्वर साहू ने अपने जीवन संघर्ष को साझा करते हुए कहा कि वे एक गरीब परिवार से हैं और मात्र पांचवीं कक्षा तक पढ़े हैं। जीवन में कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद जनता के आशीर्वाद से सात बार के विधायक रविंद्र चौबे को हराकर आज इस मंच तक पहुंचे हैं। उन्होंने इसका श्रेय जनता जनार्दन को देते हुए विद्यालय के लिए विधायक निधि से साइकिल स्टैंड निर्माण हेतु 5 लाख रुपये की घोषणा की।

## शिक्षा के साथ संस्कारों की मिसाल - वक्ता

पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर जैसे संस्थान शहरों के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में भी शिक्षा की लौ प्रज्वलित कर रहे हैं। यहां बच्चों की प्रतिभा देखकर गर्व होता है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल ने भी कार्यक्र म की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक बच्चों के भविष्य को संवारने का कार्य करते हैं और यह विद्यालय इस दिशा में उत्कृष्ट भूमिका निभा रहा है।

## प्रतिभावान छात्रों का सम्मान

कार्यक्र म के दौरान प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का बैज एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। अतिथियों का परिचय पुरुषोत्तम अग्रवाल ने देते हुए विद्यालय की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## सफल संचालन व आभार प्रदर्शन


कार्यक्र म का सफल संचालन प्राचार्य लखन साहू ने किया, जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन बहन दिव्या शर्मा एवं गीतिका तिवारी द्वारा किया गया। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## हजारों दर्शकों की रही उपस्थिति

**इस अवसर पर व्यवस्थापक राकेश जोशी, छेदीलाल अग्रवाल, गोपाल कागलीवाल, राधेश्याम अग्रवाल, अनिल सिंघानिया, पूरन कश्यप, चंद्रशेखर राजपूत, आदर्श जोशी, श्रीमती पूर्णिमा गौतम, सुकून साहू, संगीता देवांगन, आयुषी वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिकों, आचार्यों एवं शिक्षकों की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे, जिन्होंने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया।**

# समरस छत्तीसगढ़ विशेषांक का विमोचन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त कार्यालय जागृति मंडल में सम्पन्न हुआ

रायपुर। विश्व संवाद केंद्र छत्तीसगढ़ द्वारा समरस छत्तीसगढ़ विशेषांक का विमोचन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त कार्यालय जागृति मंडल में शनिवार को सम्पन्न हुआ. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप माननीय सह सरकार्यवाह श्री रामदत्त चक्रधर एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रान्त संघचालक माननीय डॉ टोपलाल वर्मा जी ने की. इस अवसर पर श्री रामदत्त चक्रधर जी ने कहा, भारत वर्ष का इतिहास एवं समाज जीवन की रचना अत्यंत प्राचीन है जो समाज जितना प्राचीन होता है।





उतना ही उतार-चढ़ाव देखता है. समाज जब एक रस होता है तो उत्थान की ओर अग्रसर होता है. शरीर के अंगों के काम अलग-अलग हैं, लेकिन सबके अंदर एक रस है. किसी अंग को चोट लगती है तो हर अंग अपनी प्रतिक्रिया देता है. हमारे किसी भी ग्रन्थ में विषमता का कोई उल्लेख नहीं है. आदरणीय डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर भी यह बात कहते हैं. भारतीय साहित्य में कहीं विषमता और शोषण का उल्लेख नहीं है लेकिन फिर भी समाज में विकृति आई, उसके पीछे सबसे बड़ी वजह हम अपना स्वत्व और मूल राष्ट्रीय चरित्र को भूलना था. इस्लामिक एवं अंग्रेजों के शासन के समय समाज को तोड़ने का कार्य हुआ इसके बाद भी समाज में लोगों ने कठिन से कठिन कार्य स्वीकार्य कर लिया लेकिन धर्म और अपनी संस्कृति को नहीं छोड़ा. पूज्य बाबा साहब के आदर्श, उनका चिंतन हमें स्मरण करना होगा. आज समाज में समरसता के विषय में बहुत अच्छे कार्य हुए, ऋषि मुनियों और महान पुरुषों के योगदान से विषमता कम हुई है लेकिन फिर भी समाज में समरसता हेतु प्रबोधन की आवश्यकता है.संत पूज्य रैदास, महान वीर सावरकर, पं मदन मोहन मालवीय जी समेत अनेक समाज सुधारकों व माँ भारती के सपूतों ने समरसता के लिए प्रयास किया जिससे आज हमारा समाज समरस है. पूज्य बाबा गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का मंत्र दिया, उसे देश ही नहीं विश्व को अपनाना होगा. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वर्धा शिविर में महात्मा गांधी संघ की शाखा में आए तो स्वयंसेवकों से परिचय किया. किसी ने जाति का परिचय नहीं दिया तो वह आश्चर्यचकित रह गए, उन्होंने शाखा कार्य पद्धति की प्रशंसा की. इसी तरह पूज्य बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने भी संघ की शाखा में सामाजिक समरसता का जो भाव देखा उसकी प्रशंसा की.

कार्यक्रम में प्रान्त प्रचारक श्री अभय राम जी, प्रान्त प्रचार प्रमुख संजय तिवारी, रायपुर महानगर संघचालक श्री महेश बिड़ला, सह प्रान्त प्रचार प्रमुख नीरज समेत बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे.

# नगर में धूमधाम से मनाया गया, मकर संक्रांति पर्व

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थान खम्हरिया।** नगर में मकर संक्रांति का उत्सव 14 और 15 जनवरी 2026 बड़े ही धूमधाम और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें लोगों ने नदियों में पवित्र स्थान कुटी धाम व अन्य स्थानो में जाकर स्नान किया।

मंदिरों में पूजा अर्चना की तील गुण के व्यंजन बाटे, मकर संक्रांति पर्व होने की वजह से नगर के मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का ताता लगा रहा। इस दौरान लोगों ने भगवान के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की, इस दिन दान का विशेष महत्व माना जाता है। ऐसे लोगों ने तिल, गुड़, चावल, सब्जी और अन्य आदि का दान किया। वहीं लोगों ने सोशल मीडिया पर एक दूसरे की मकर संक्रांति पर्व की संदेश भेज कर, शुभकामनाएं दी। इस मौके पर राधा कृष्ण जमात मंदिर महंत वसंत बिहारी दास ने बताया, यह पर्व सूर्य के मकर राशि में



प्रवेश करने का प्रतीक है। जो संभवत: हर वर्ष 14 या 15 जनवरी को आता है। इस दिन से सूर्य उत्तरायण होता है, और दिन बड़े होने लगते हैं। इसलिए इस शुभ और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना गया है। मकर संक्रांति का धार्मिक सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व अत्यंत व्यापक है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में शिशु नगरी कायक्रम का हुआ, आयोजन



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर प्राथमिक विभाग के भैया बहनों हेतु शिशु नगरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 12 आयाम की विभिन्न विधाओं की प्रस्तुति दी गई, जिसमें कक्षा अरुण, उदय, प्रथम, द्वितीय कक्षा तक के भैया बहनों व उनके माताओ ने हिस्सा लिया।

इस रंगमंच कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, भारत माता के तेल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। उसके बाद शिशु वाटिका के भैया बहनों का विविध वेशभूषा, संस्कृति कार्यक्रम नृत्य भैया बहनों का खेल एवं अभिभावक माताओ का खेल आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 12 आयाम का प्रदर्शनी लगाया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 से भी अधिक अभिभावक उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य लखन साहू ने समस्त अतिथियों कार्यक्रम में भाग लेने वाले समस्त भैया बहनों एवं इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से सफलता प्रदान करने वाले विद्यालय के आचार्य एवं दीदियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।




# कृष्णा पब्लिक स्कूल थानखम्हरिया में वार्षिक उत्सव संपन्न, बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा मन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** स्थानीय कृष्णा पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नृत्य-नाटिका एवं लोक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता चंदन अग्रवाल, पत्रकार श्री अनिल सिंघानिया, श्री पुरुषोत्तम अग्रवाल, श्री हरि केडिया, समाज सेविका श्रीमती सरिता जैन, शिक्षिका श्रीमती सुषमा खंडेलवाल, श्रीमती संध्या दीपक एवं विद्यालय के प्राचार्य श्री मोहन सिंह सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने गणेश वंदना प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में प्रस्तुत पंडवानी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं




बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग नृत्य, भावपूर्ण अभिनय एवं सटीक ताल-लय ने सभागार को तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान कर दिया। प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से मंच पर उकेरा।

इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती अनीता चंदन अग्रवाल ने कहा कि आज के बच्चे देश का भविष्य हैं। पढ़ाई के साथ-साथ संस्कार भी उतने ही आवश्यक हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा को निखारने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यालय द्वारा निर्मित







शिक्षा एवं व्यक्तित्व विकास के वातावरण की सराहना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पत्रकार श्री पुरुषोत्तम अग्रवाल एवं श्री अनिल सिंघानिया ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च लक्ष्य निर्धारित कर सतत परिश्रम से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया तथा अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती हिना निर्मलकर एवं महिमा राजपूत ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में कृष्णा पब्लिक स्कूल की प्राचार्य श्रीमती योगेश्वरी ऐलेश्वर का विशेष मार्गदर्शन रहा। साथ ही शिक्षक तेज कुमार, पत्र महेश कुमार, ज्योति सिंह, कनिष्क सिंह एवं रिनसुक मरकाम का सराहनीय योगदान रहा।

# जमात मंदिर में वैष्णव समाज की बैठक संपन्न

## वैष्णव भवन निर्माण पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया–** आज दिनांक 11 जनवरी 2026, रविवार को स्थानीय जमात मंदिर में वैष्णव समाज की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन श्रद्धा, एकता और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। बैठक का उद्देश्य बेमेतरा में प्रस्तावित वैष्णव भवन निर्माण से संबंधित गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा करना एवं समाज के सभी मंडलों से सहयोग सुनिश्चित करना रहा।

बैठक में मुख्य रूप से श्री बसंत बिहारी दास जी (महंत, जमात मंदिर), श्री राम कुमार दास जी (अध्यक्ष, वैष्णव समाज–धौराभांठा), महंत श्री सतीश कुमार वैष्णव (श्यामपुर कांपा, थान खमरिया मंडल) सहित योगेश वैष्णव, सुखराम वैष्णव, भुजगेन्द्र वैष्णव जी एवं विभिन्न मंडलों से पधारे वैष्णव जन उपस्थित रहे।

### बेमेतरा में प्रस्तावित वैष्णव भवन के लिए सहयोग का आह्वान, 23 जनवरी को अधिकाधिक उपस्थिति की अपील

इस अवसर पर वक्ताओं ने वैष्णव भवन को समाज की सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बताते हुए इसके शीघ्र निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में समाजजनों ने स्वेच्छा से सहयोग राशि प्रदान कर निर्माण कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

अंत में समाज के पदाधिकारियों ने आगामी 23 जनवरी 2026, शुक्र वार को आयोजित होने वाले कार्यक्र म में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर वैष्णव समाज की एकता और शक्ति का परिचय देने की अपील की।

बैठक का समापन सामूहिक प्रार्थना एवं समाज की प्रगति के संकल्प के साथ किया।

# बाजार चारभाटा में धान का निरीक्षण करने पहुंचे अमित जोगी



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया।** समीप ग्राम बाजार चारभाठा में धान खरीदी में बड़े भ्रष्टाचार और हेरा फेरी की शिकायत सामने आई, जहां कथित तौर पर करोड़ों का धान गायब है। और खुले में रखे धान के खराब होने की बात की जा रही है।

इस मामले में जांच चल रही है, इसी बीच जांच पड़ताल में छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री के सुपुत्र मारवाही विधानसभा के पूर्व विधायक अमित जोगी निरीक्षण में पहुंचे, मामला कवर्धा जिले के बाजार चारभाटा एवं बघर्रा धान संग्रहण केंद्र का है। गृह मंत्री विजय शर्मा और पंडरिया विधायक भावना बोहरा विधानसभा क्षेत्र का है। इस मौके पर विधायक अमित जोगी ने कहा धान को चूहा ने नहीं खाया, धान को भाजपा नेताओं और अधिकारियों से मिली भगत कर शासन को करोड़ों का चूना लगाया है। इसकी हम जांच करवाएंगे और दोषियों पर कार्यवाही कर जेल भेजेंगे। बाजार चारभाटा से वापसी में नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी शिवेंद्र बिंदल, अनीस बिंदल, कान्हा बिंदल, के निवास में सौजन्य मुलाकात की और जलपान किया। इस मौके पर सुनील केसरवानी, गौरव सिंह, रौनक सिंह, लेखु ध्रुवे, शंभू ठाकुर, डोमन मरकाम, करण, शुभम यादव उपस्थित थे।

# रोशन सिन्हा के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह, बांटी गई मिठाइयाँ

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थान खम्हरिया।** माननीय श्री रविंद्र चौबे पूर्व कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी थान खम्हरिया के अध्यक्ष पद पर रोशन सिन्हा की नियुक्ति होने पर संपूर्ण क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर कांग्रेसजनों द्वारा एकत्र होकर मिठाइयाँ बांटी गई तथा आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया गया।

कांग्रेस नेतृत्व द्वारा रोशन सिन्हा की नियुक्त को संगठन को नई ऊर्जा देने वाला निर्णय माना जा रहा है।

नियुक्ति की घोषणा के बाद आयोजित बधाई कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि रोशन सिन्हा लंबे समय से पार्टी के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं और संगठन के हर आंदोलन, कार्यक्रम एवं जनहित के मुद्दों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके नेतृत्व में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलेगी तथा आमजन की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी महेंद्र सिंह विरदी,प्रताप छाबड़ा, अशोक बिंदल ,जितेंद्र उपाध्याय, मनहरण सिन्हा ,सतीश जोशी, करीम बैग, विरेंद्र सिन्हा,नरेश पाटिल, हरीशरण क्षत्रिय,गोरेलाल चंद्राकर हुकुम सिन्हा,दुर्गेश पात्र,टेकराम साहू, शंकर कुंभकार ,लोकनाथ सिन्हा राजेंद्र सिन्हा,हरीश निर्मलकर, डॉक्टर गोविंद शर्मा ,सुधीर सिंघानिया, सेवाराम वर्मा ,अशोक भारती ,गणेश मांडवी, योगेश तिवारी, शरद देवांगन, राजेश साहू ,राजेंद्र दुबे सहित युवा कांग्रेस तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त अध्यक्ष को फूलमालाओं से लादकर स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रोशन सिन्हा ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा, जनकल्याणकारी नीतियों एवं संविधान की रक्षा के लिए वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत कर बूथ स्तर तक कांग्रेस को सशक्त किया जाएगा।

रोशन सिन्हा ने यह भी कहा कि वे सभी वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और युवाओं को साथ लेकर क्षेत्र की जनसमस्याओं को प्राथमिकता से उठाएंगे और जनता की आवाज को मजबूती से शासन–प्रशासन तक पहुंचाएंगे। अंत में उन्होंने सभी कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त किया।

# भाटापारा रेलवे स्टेशन में अनेक ट्रेनों का स्टॉपेज देने की पुरजोर मांग

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** क्षेत्रिय नागरिको ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर जोन से 47 किलोमीटर दुर स्थित भाटापारा स्टेशन को उसके विशिष्ट आय अर्जन को देखते हुए स्टेशन में विकास कार्य को तेज करने तथा यात्रियों के हित में अनेक महत्वपूर्ण ट्रेनों का अनिवार्य रूप से ठहराव देने की पुरजोर मांग की है । नागरिको ने आगे कहा है कि भाटापारा रेलवे स्टेशन में एक लंबे समय से बिलासपुर चेन्नई एक्सप्रेस , बिलासपुर नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस , दरभंगा हैदराबाद एक्सप्रेस , माल्दा टाऊन सुरत एक्सप्रेस , कुर्ला भुनेश्वर एक्सप्रेस , ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस , समरसता एक्सप्रेस , हावड़ा शिरडी एक्सप्रेस व गीतांजली एक्सप्रेस का स्टॉपेज देने की पुनः मांग की है जिससे की क्षेत्रवासी अपने व्यापारिक , औद्योगिक , शिक्षा , स्वास्थ्य व पर्यटन एवं पारिवारिक कारणो से यात्रा के दौरान उपरोक्त ट्रेनो में भाटापारा स्टेशन से ही सवार हो सके नागरिको ने आगे कहा है कि चूंकि भाटापारा एक प्रमुख औद्योगिक व्यावसायीक के साथ साथ धार्मिक शहर है और रेल प्रशासन को भाटापारा रेलवे स्टेशन से लगातार कीर्तिमान आय का अर्जन हो रहा है । रायपुर, बिलासपुर , दुर्ग , रायगढ़ के बाद भाटापारा सर्वाधिक आय देने वाला स्टेशन है लेकिन यात्री सुविधा की बाली में रेल प्रशासन लगातार भाटापारा की उपेक्षा कर रहा है जनहित में उपरोक्त सभी महत्वपूर्ण ट्रेनों का स्टॉपेज भाटापारा स्टेशन में देने के साथ साथ स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं एक , दो व तीन , चार नंबर प्लेटफॉर्म को फुल कव्हर्ड करते हुए सभी प्लेटफॉर्म में शेल्टर व्यवस्था का विस्तार करे साथ ही आरपीएफ सुरक्षा बल थाना की ओर लिफ्ट सुविधा भी उपलब्ध करावे जो कि प्लेटफॉर्म नंबर एक व दो से कनेक्टेड रहे इसी प्रकार भाटापारा रेलवे गुड्स शेड में शेड व्यवस्था का निर्माण करें ताकि व्यापरियों के तमाम माल , सामान , जिसमें धान , चावल , गेहू , खाद् , शक्कर व सीमेंट के लोडिंग अनलोडिंग सामान शामिल है उनकी हिफाजत हो सके इसी तरह गुड्स शेड वाले हिस्से में आरपीएफ एवं जीआरपी थाना भवन का निर्माण किया जायें।










प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा डीबी कार्प लिमिटेड प्लाट नंबर-40/44 इंडस्ट्रीयल एरिया बीरगांव उरला रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / web- www.krantirath.com